● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 151, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 09 जुलाई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



बिहार चुनाव के बीच ठाकरे बन्धुओं ने चला मराठी दांव 5

इंग्लैण्ड को जोफ्रा आर्चर को खिलाना ही होगा 6

## प्रदेश में मेट्रोपॉलिटन एरिया विकास के लिए बिल लायेगी राज्य सरकार : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एम.पी. तक बैठक संवाद कार्यक्रम में विचार व्यक्त किए



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए स्व-रोजगार के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। सरकार लाड़ली बहना की राशि बढ़ा रही है। टेक्सटाइल पार्क में काम करने वाली लाड़ली बहनों को 5000 रुपए अलग से दिलाएंगे। लाड़ली बहना योजना की राशि क्रमबद्ध रूप से बढ़ाकर 3000 रुपए की जाएगी। एमपीपीएससी की तीन साल की परीक्षा एक साथ कराने का आदेश दिया गया है। युवाओं का कोई अहित नहीं होने देंगे। एक लाख शासकीय पदों पर भर्तियां हो रही हैं। प्रदेश सरकार ने नौ साल से अटकी पदोन्नति का रास्ता साफ किया है। इससे 2 लाख नए पदों के लिए भर्ती की संभावना बनेगी। आजादी के बाद लम्बे समय तक गेहूँ का मूल्य 600 रुपए था, अब सरकार किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीद रही है। नदी जोड़ो परियोजनाओं के फलस्वरूप प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने इंदौर में हुकुमचंद मिल के मजदूरों को 300 करोड़ रुपए दिलवाये, जिससे 30 साल पुराना विवाद खत्म हुआ। रतलाम की सज्जन मिल और ग्वालियर की मिल के लिए भी इसी तरह के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंडिया टुडे मीडिया समूह द्वारा भोपाल के एक निजी होटल में आयोजित एम.पी. तक बैठक संवाद कार्यक्रम में यह बात कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार्मिक नगरी उज्जैन के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सिंहस्थ-2028 के लिए तैयारियां जारी हैं। इस आयोजन में सारे रिकॉर्ड टूटेंगे। क्षिप्रा नदी को 12 मासी जीवंत रखने के लिए कान्ह नदी परियोजना पर कार्य जारी है। गंभीर नदी को भी इसमें शामिल किया जा रहा है। क्षिप्रा के जल से श्रद्धालुओं और किसानों को लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार मेट्रोपॉलिटन विकास को गति प्रदान करने के लिए एक साल के अंदर बिल लेकर आऐगी। मध्यप्रदेश पर्यटन निगम लाभ में रहने वाला देश का एकमात्र टूरिज्म बोर्ड है। इसमें हमारे द्वारा बनाए गए कॉस्ट इफेक्टिव विज्ञापनों की अहम भूमिका रही है। राज्य सरकार ने पर्यटन को वाइल्ड लाइफ से जोड़ा है। मध्यप्रदेश टाइगर, चीता, घड़ियाल और गिद्ध की संख्या में नंबर-एक पर है। उन्होंने कहा कि इंदौर का पोहा व्यंजनों का एम्बेसडर बन सकता है। भाप पर बने पोहे में तेल कम इस्तेमाल होता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भी सभी से अपने खाने में तेल की 10 प्रतिशत खपत कम करने का आहवान किया हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंबेडकर जी ने जातियों के विवाद खत्म करके देश को एकजुट करने का कार्य किया। हमारी सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के 5 स्मारक बनवाए।

## ब्रासीलिया पहुंचे पीएम का हुआ भव्य स्वागत



**ब्रासीलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के 8 दिवसीय विदेश यात्रा पर हैं। पीएम मोदी मंगलवार को रियो डी जनेरियो से ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत शिव तांडव स्तोत्र और भारतीय शास्त्रीय नृत्य से किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे यादगार स्वागत बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी आज ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेइरो फिल्हो ने स्वागत किया। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत भारत माता की जय के नारों के साथ किया। इसी दौरान पीएम के स्वागत में संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कुछ विदेशियों ने पीएम मोदी के सामने शिव तांडव स्तोत्र भी प्रस्तुत किया। पीएम मोदी ने इन कलाकारों की सराहना की। पीएम मोदी ने उनका स्वागत करने आए बच्चों से भी बातचीत की और उनके साथ दुलार करते नजर आए।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, थोड़ी देर पहले ब्रासीलिया पहुंचा। भारतीय समुदाय ने यादगार स्वागत किया, जो एक बार फिर दर्शाता है कि हमारे प्रवासी कितने भावुक हैं और वे अपनी जड़ों से कितने जुड़े हुए हैं। उन्होंने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें उत्साहित और उत्साही प्रवासी भारतीय तिरंगा थामे प्रधानमंत्री मोदी का हाथ जोड़कर अभिवादन करते नजर आ रहे हैं।

पीएम मोदी सोमवार को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए बहुत ही उत्पादक रियो डी जेनेरियो यात्रा पूरी करने के बाद ब्राजील पहुंचे। भारतीय पीएम 2 जुलाई से 10 जुलाई तक 5 देशों की यात्रा पर हैं। अब तक वे घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, और अर्जेंटीना का दौरा कर चुके हैं। फिलहाल वे ब्राजील दौरे पर हैं और यहां से नामीबिया जाएंगे। राजकीय यात्रा पर ब्राजील की राजधानी पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री का हवाई अड्डे पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेरो फिल्हो ने स्वागत किया।

## अहमदाबाद विमान हादसे की जांच तेज

### एएआईबी ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंपी प्रारंभिक रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे की जांच तेज हो गई है। हादसे की जांच कर रही विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की टीम ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट नागरिक उड्डयन मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों को सौंप दी है। सूत्रों ने बताया कि एआई 171 विमान दुर्घटना पर तैयार की गई रिपोर्ट जांच के शुरुआती निष्कर्षों पर आधारित है।

अहमदाबाद विमान हादसे की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को सौंपी गई है। एएआईबी ने जांच के लिए बहु-विषयक टीम का गठन किया है। अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार गठित टीम का नेतृत्व डीजी एएआईबी कर रहे हैं। इस मामले में ब्लैक बॉक्स और हैंडलिंग कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) दोनों को बरामद कर लिया गया है। सीवीआर को 13 जून, 2025 को दुर्घटना स्थल पर इमारत की छत से बरामद किया गया। वहीं एफडीआर को 16 जून, 2025 को मलबे से बरामद किया गया। उनके सुरक्षित संचालन, भंडारण और परिवहन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तय की गई थी। अब एएआईबी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंप दी है। कुल 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर 12 जून को लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान एआई-171 अहमदाबाद के एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में एक व्यक्ति को छोड़कर विमान में सवार सभी यात्रियों की मौत हो गई थी और जमीन पर मौजूद लगभग अन्य 29 लोग मारे गए थे। अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में 270 लोगों की मौत होने के एक सप्ताह बाद 215 मृतकों की डीएनए मिलान के जरिये पहचान कर ली गई है। 198 शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राकेश जोशी ने बताया कि जो 198 शव सौंपे गए हैं उनमें 149 भारतीय, 32 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक है।

## यूपी की शिक्षा मंत्री गुलाब देवी का हापुड़ में एक्सीडेंट, सिर में गंभीर चोट

**हापुड़ ।** यूपी की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी (70 साल) का मंगलवार को हापुड़ में एक्सीडेंट हो गया। उनकी एक्सयूवी पुलिस जीप से टकरा गई। सिर में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हुई हैं। वहीं, ड्राइवर सतबीर के हाथ में चोट लगी है। हादसे के बाद मंत्री की गाड़ी में लगे एयरबैग नहीं खुले। मंत्री और ड्राइवर को रामा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। डीएम अभिषेक पांडे और एसपी ज्ञानंजय सिंह मौके पर पहुंचे। सीएमओ डॉक्टर सुनील त्यागी की टीम मंत्री का इलाज कर रही है।

## बंगाल में चरम पर है अराजकता : नड्डा

### नड्डा बोले-महिला सुरक्षा के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता चिंताजनक



**कोलकाता।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक कॉलेज की छात्रा से हुए दुष्कर्म मामले को लेकर ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधा। दरअसल, भाजपा की ओर से गठित फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट जेपी नड्डा को सौंपी। इसे लेकर नड्डा ने एक्स एक पोस्ट भी साझा किया।

उन्होंने लिखा, कोलकाता में विधि छात्रा के साथ हुए जघन्य अपराध की जांच के लिए गठित भाजपा तथ्यान्वेषी दल की रिपोर्ट प्राप्त हुई। यह रिपोर्ट पश्चिम बंगाल में अराजकता की चरम स्थिति और महिला सुरक्षा के प्रति राज्य सरकार की चिंताजनक असंवेदनशीलता को उजागर करती है। संदेशखली से लेकर आरजी कर अस्पताल और अब यह... पैटर्न वही है, जिसमें चुप्पी, निष्क्रियता और आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है।

इससे पहले कोलकाता पुलिस के अधिकारी बीते शुक्रवार को छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए चार लोगों को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज ले गए थे। वहां पुलिस ने अपराध स्थल पर क्राइम सीन को रीक्रिएट किया था। एक अधिकारी ने बताया था कि तीन मुख्य आरोपियों पूर्व छात्र और संविदा कर्मचारी मनोजीत मिश्रा, वर्तमान छात्र प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद को कॉलेज ले जाया गया। उनके साथ सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी भी मौजूद था।

## निरंतर सीखने और सेवा भाव के साथ कार्य करने का किया प्रयास : राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि निरंतर सीखने और सेवा भाव के साथ कार्य करने का प्रयास विगत चार वर्षों में किया है। आगे भी इसी भाव और लक्ष्य के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अपने सामर्थ्य अनुसार राष्ट्र की चुनौतियों को दूर करने के प्रयासों में ही जीवन की सार्थकता है। समाज में व्याप्त गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता आदि की चुनौतियों को दूर करने के लिए अधिक से अधिक योगदान का प्रयास प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल ने यह बात राजभवन में उनके चार वर्षों के कार्यकाल की पूर्णता पर आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही।

## छांगुर बाबा की 3 करोड़ की कोठी पर चला बुलडोजर

**बलरामपुर।** यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा पर मंगलवार को बड़ी कार्रवाई हुई। बलरामपुर में 40 कमरों वाली उसकी आलीशान कोठी पर 9 बुलडोजर चलाए गए।

शाम 5 बजे तक कोठी के 20 कमरे और 40 फीट लंबे और इतने ही चौड़े हॉल को ढहा दिया गया। अब बुधवार सुबह 10 बजे फिर से कमरे तोड़े जाएंगे। कोठी में 70 से ज्यादा कमरे और हॉल हैं। इनमें 40 कमरों वाले हिस्से को अवैध बताया गया है। एटीएस का दावा है, छांगुर बाबा यहीं से धर्मांतरण का नेटवर्क चलाता था। हालांकि यह कोठी उसकी महिला मित्र नीतू उर्फ नसरीन के नाम पर है। बाबा ने ही नीतू का धर्मांतरण करके उसे नसरीन नाम दिया था। योगी ने कहा, आरोपी जलालउद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी।

## व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन के खिलाफ मनसे की रैली

### पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया



**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक फूड स्टॉल मालिक को थप्पड़ मारे जाने की घटना के विरोध में व्यापारियों के प्रदर्शन के जवाब में मीरा भायंदर इलाके में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने रैली निकाली। इस दौरान मनसे कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने सरकार पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति न देने का आरोप लगाया। पुलिस ने मनसे कार्यकर्ताओं और नेताओं को हिरासत में ले लिया। वहीं विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति न देने के आरोप पर सीएम फडणवीस ने सफाई दी।

दरअसल पिछले सप्ताह मीरा भायंदर इलाके में एक फूड स्टॉल मालिक को कुछ मनसे कार्यकर्ताओं ने मराठी में बात न करने पर थप्पड़ मार दिया था। मनसे के सात सदस्यों को बाद में हिरासत में लिया गया और पुलिस द्वारा उन्हें नोटिस दिए जाने के बाद छोड़ दिया गया। भायंदर इलाके के व्यापारियों ने फूड स्टॉल मालिक पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। मंगलवार को मनसे ने व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन के जवाब में रैली निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मनसे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। इससे पहले पुलिस ने मनसे के नेता अविनाश जाधव को हिरासत में लिया था। एडिशनल सीपी दत्ता शिंदे ने कहा कि यहां पहले हुई एक घटना के कारण विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं देने का एक कारण था।

## एक देश-एक चुनाव संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं : चंद्रचूड़

**नई दिल्ली।** पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं है। हालांकि, प्रस्तावित बिल में चुनाव आयोग को दी जाने वाली शक्तियों पर चिंता उन्होंने जताई है। पूर्व सीजेआई ने कहा कि इससे ईसीआई को विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाने या घटाने की शक्ति मिल सकती है। उन परिस्थितियों को परिभाषित किया जाना चाहिए जिनमें ईसीआई इस शक्ति का इस्तेमाल कर सकता है।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने एक देश-एक चुनाव पर बनी संसदीय समिति को अपनी लिखित राय सौंपी है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 17 दिसंबर, 2024 को लोकसभा में एक देश-एक चुनाव संविधान संशोधन बिल पेश किया था। पूर्व सीजेआई क्षेत्रीय और छोटी पार्टियों पर पड़ेगा असर जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से बेहतर आर्थिक स्थिति वाली नेशनल पार्टियों के प्रभाव से क्षेत्रीय और छोटी पार्टियां हाशिए पर जा सकती हैं।

## देश में अब तक 254 मिमी बारिश, 15 फीसदी ज्यादा

**नई दिल्ली।** देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून जमकर बरस रहा है। मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 15% ज्यादा बारिश हो चुकी है। इस समय तक 221.6मिमी बारिश होनी थी, लेकिन 254 मिमी हो चुकी है। मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बालाघाट, मंडला, सिवनी, इटारसी और कटनी समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। अनूपपुर में पुल टूटने से कार बह गई। इसमें पति-पत्नी और 2 बच्चों की मौत हो गई।? हिमाचल प्रदेश में बीते 6 दिन में तेज बारिश के चलते 14 लोगों की मौत हुई है, जबकि 28 लापता हैं। हालांकि, अब मौसम सामान्य हो गया है। वहीं, उत्तराखंड के पीपलकोटी में बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया है। देहरादून में घरों में पानी घुस गया है।

## नर्मदा में उफान, नरसिंहपुर के बिगड़े हालात, पुल डूबने से गांवों का संपर्क टूटा, स्कूल बंद

**नरसिंहपुर।** जिले में लगातार हो रही तेज बारिश से हालात गंभीर हो गए हैं। नर्मदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बीती रात हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। नदी-नाले उफान पर हैं और ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क मुख्य मार्गों से टूट गया है।

बरमान का पुराना पुल अब खतरे की जद में आ चुका है। नर्मदा का पानी पुल से लगकर बह रहा है। यदि जलस्तर यूं ही बढ़ता रहा, तो पुल अगले कुछ घंटों में डूब सकता है। वहीं रेतघाट का पुल पहले ही पूरी तरह पानी में समा चुका है, जिससे क्षेत्रीय आवागमन प्रभावित हुआ है।

ककराघाट का पुल दो से तीन फीट पानी के नीचे है, जिससे तेंदूखेड़ा और गाडरवारा के बीच सीधा संपर्क पूरी तरह कट गया है। झांसी घाट का पुल भी डूबने की कगार पर है। सुरक्षा की दृष्टि से नरसिंहपुर से जबलपुर की ओर जाने वाला मार्ग बंद कर दिया गया है। बाढ़ के पानी में बहकर आ रही लकड़ी को ग्रामीण जान की परवाह किए बिना पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह दृश्य प्रशासन की चिंता और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।

जिले के लगभग हर गांव में पानी भर गया है। कई मकानों के अंदर तक पानी घुस गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

## ट्रम्प ने 14 देशों पर टैरिफ लगाया, भारत शामिल नहीं

### जापान-साउथ कोरिया पर 25 फीसदी, म्यांमार पर 40 फीसदी टैरिफ, 1 अगस्त से लागू होगा



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी।

इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25% टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30त्न से 40त्न तक का भारी शुल्क लगाया गया है। दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रम्प ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25% शुल्क लगेगा।

उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ये टैरिफ 1 अगस्त से लागू होंगे। इसके साथ ही ट्रम्प ने 1 अगस्त से ग्लोबल टैरिफ लगाने की घोषणा की। पहले ट्रम्प 9 जुलाई को इसका ऐलान करने वाले थे।

ट्रम्प ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10% बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था।

पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर 1 अगस्त कर दी गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रम्प इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है।

यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विटजरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं।

अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के साथ दो शुरुआती डील की हैं। हालांकि, इन समझौतों में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। वियतनाम वाले सौदे में तो किसी भी पक्ष ने यह भी साफ नहीं किया कि वास्तव में किन बातों पर सहमति बनी है।

# सरई के चमारीडोल में फिर से बस ने बाईक सवार युवक को रौंदा, मौत

## घटनास्थल पर पहुंची पुलिस, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, बढ़ रहा जनता का आक्रोश

**सिंगरौली।** सरई थाना के समीपी चमारीडोल पेट्रोल पंप के पास आज दिन मंगलवार की शाम करीब 4:30 बजे एक मोटरसाइकिल चालक कैलाश बस सर्विस के नीचे समा गया। जहां झारा निवासी युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही सरई थाना का पुलिस अमला घटनास्थल पहुंच गुस्साएं लोगों को समझाईस देते रहे।





जानकारी के अनुसार ग्राम झारा निवासी जिवेन्द्र जायसवाल पिता रामबकस जायसवाल उम्र 25 वर्ष आज दिन मंगलवार की देर शाम चमारीडोल फिलिंग स्टेशन से पेट्रोल भरा कर वापस मोटरसाइकिल से जैसे ही चला कि तेज रफ्तार आ रही कैलाश बस सर्विस क्रमांक क्रमांक एमपी 53 जेडबी 5127 के लापरवाह चालक ने टक्कर मार दिया। जहां जिवेन्द्र मोटरसाइकिल के साथ बस के नीचे समा गया। इस सड़क हादसे में जिवेन्द्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके से सरई पुलिस स्थल पहुंच शव एवं बस को अपने कब्जे में लेकर चालक की तलाश में जुट गई है। उधर उक्त सड़क हादसे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया और मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर विरोध करने लगे। वही घटनास्थल पर एसडीओपी राहुल कुमार सैयाम, सरई टीआई जितेन्द्र सिंह भदौरिया, एसआई सूरज सिंह समेत भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए प्रयास शुरू कर दिये।

### ग्रामीणों ने शुरू किया चक्काजाम

सड़क हादसे में जिवेन्द्र जायसवाल की हुई दर्दनाक मौत के बाद गुस्साएं ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया है। जहां सरई-चमराडोल का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। मृतक के परिजनों को तत्काल राहत राशि एवं बस चालक को गिरफ्तार किये जाने की मांग कर रहे हैं। एसडीओपी समेत अन्य अधिकारी चक्काजाम करने वाले ग्रामीणों को समझाईस दे रहे थे, लेकिन ग्रामीण उनकी बातों को अनसुनी कर अपने बातों पर अड़े हुये थे।

### इनका कहना

चमारीडोल मुख्य मार्ग में बस के टक्कर से झारा निवासी जिवेन्द्र जायसवाल की मौत हुई है। शव को अपने कब्जे में ले लिया गया है।

**जितेन्द्र सिंह भदौरिया**
**टीआई, थाना सरई**

# खटाई का संकुल प्राचार्य निकला साइकिल चोर

## प्राचार्य के साथ-साथ बीईओ की भूमिका पर खड़े हो रहे सवाल

### प्राचार्य के घर खैरा से बरामद हुई 23 स्कूली साइकिल



**सिंगरौली।** स्थानीय विकासखंड के ग्राम पंचायत खैरा अंतर्गत एक घर से करीब 23 की संख्या में छात्रों को वितरित होने वाले निःशुल्क साइकिलों को चितरंगी पुलिस ने आज दिन मंगलवार के दोपहर करीब 12 बजे छापा मार कार्रवाई करते हुए जप्त की है। यह निःशुल्क साइकिल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खटाई से होना बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा साइकिलों को अपने कब्जे में लेकर पिकअप वाहन से थाना चितरंगी लाई गई है। यहां बताते चले कि इसी विकासखंड से पिछले वर्ष बच्चों की निःशुल्क पाठ पुस्तकों को कबाड़ियों के हाथ बेचे जाने के मामले में कोतवाली पुलिस बैढ़न ने कार्रवाई की थी। जिसमें बीआरसीसी सियाराम भारती समेत अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कराकर कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने बीआरसीसी को बर्खास्त कर दिया है और बर्खास्त बीआरसीसी अभी भी फरार चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि उक्त साइकिलों को विद्यालय खटाई से करीब 16 किलोमीटर दूर अनाधिकृत रूप से भण्डारित किया गया था। इसके पीछे मकसद क्या है, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन घर से अनाधिकृत रूप से साइकिलों के बरामद होने के बाद बीईओ, संकुल प्राचार्य एवं साइकिल वितरण प्रभारी के भूमिका पर भी तरह-तरह के सवाल उठाया जा रहा है।

### इनका कहना

सूचना मिलने पर आज पुलिस टीम खैरा गांव में सीता देवी के घर में भारी मात्रा में साइकिल रखे जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने दबिश देते हुये 23 साइकिलो को अपने कब्जे में लेते हुये शिनाख्त कराकर बीआरसीसी, बीईओ से जानकारी ली जा रही है। वही जानकारी मिल रही है कि अनाधिकृत रूप से साइकिलें रखी गई थी।

**सुधेश तिवारी**
**टीआई, चितरंगी**

# लापता पुष्पेन्द्र की तलाश में जुटी सरई पुलिस

## पाही पर गया था सोने, तीन दिन से नही चला सुराग



**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के ग्राम धुम्माडोल गोरा निवासी पुष्पेन्द्र साहू पिछले तीन दिनों से लपता है। परिजनों के सूचना पर सरई पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर आज टीआई ने डॉग स्क्वॉड के साथ पूरे दिन पुष्पेन्द्र के तलाश में जुटे रहे, लेकिन कोई सुराग नही मिला, बल्कि घर से 1 किलोमीटर दूर पुष्पेन्द्र का मोबाईल एवं चप्पल पाही के घर में बरामद हुआ।

जानकारी के अनुसार पुष्पेन्द्र साहू उम्र 23 वर्ष तीन दिन पूर्व रात के समय अपने घर से 1 किलोमीटर दूर पाही वाले घर में सोने गया था और तब से वापस नही आया है। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस डॉग स्क्वॉड के साथ तत्तिश करने में लगी रही। इधर पुष्पेन्द्र साहू के माता-पिता का आरोप है कि पड़ोस में ही पूर्व में विवाद हुआ था और यही से तरह-तरह की शक की सुई घुम रही है। पुलिस जंगलो में भी सर्च ऑपरेशन में लगी हुई है। फिर भी कोई सुराग नही मिला।

# अपर कलेक्टर की जन सुनवाई में 152 लोगो ने दिया अपना आवेदन

**सिंगरौली।** जिले के विभिन्न अंचलो से आये हुयें 152 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता को अपना आवेदन देते हुये अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अपर कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रों पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रों का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सबंधित आवेदनों पर तत्परता दिखाते हुये समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये। जन सुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन वर्मा, डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र द्विवेदी, तहसीलदार अभिषेक यादव, डीईओ एसबी सिंह सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय कचनी का किया औचक निरीक्षण

## छात्रों से किया वार्तालाप, शिक्षको से मिलकर समस्याएं भी सुनी

**सिंगरौली।** स्थानीय विधायक रामनिवास शाह ने शापूमावि कचनी में पहुंचकर स्कूल चले हम अभियान के तहत छात्रों को वितरित की जाने वाली साइकिलो का अवलोकन कर उपस्थित डीईओ को निर्देशित किया कि समय पर साइकिल तैयार कर छात्रों को वितरित कराये, ताकि छात्र बिना किसी असुविधा के समय पर विद्यालय पहुंचकर अपनी पढ़ाई कर सके।




तत्पश्चात विधायक ने कचनी में ही स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यायल में अध्ययनरत बच्चों से उनकी शिक्षा, विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं और पढ़ाई के माहौल के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विधायक ने विद्यालय के शिक्षकों और प्रधानाध्यापक से भी बातचीत की और उन्हें बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और कुछ कमियों को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा विधायक ने बच्चों से उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें। विधायक ने विद्यालय की बाउन्ड्रीवॉल बनाने के लिए राशि उपलब्ध कराने की पहल करने को कहा। इस अवसर डीईओ एसबी सिंह सहित संबंधित अधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण मौजूद रहे।

# मेगा पेप टॉक ने विन्ध्याचल में सुरक्षा संस्कृति को किया सुदृढ़



**सिंगरौली।** सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से एनटीपीसी विन्ध्याचल ने 7 जुलाई को एमजीआर कर्मचारियों के लिए एक मेगा पेप टॉक का आयोजन किया। यह पहल, कार्यस्थल को शून्य दुर्घटना क्षेत्र बनाने और सभी स्तरों पर सक्रिय सुरक्षा दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के लिए चलाए जा रहे सुरक्षा संवेदनशीलता अभियान का हिस्सा थी। इस प्रेरणादायक सत्र का नेतृत्व परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा ने किया। उन्होंने कर्मचारियों को यह संदेश दिया कि सुरक्षा केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रत्येक कार्य में शामिल एक दैनिक प्रतिबद्धता होनी चाहिए। उनके साथ एजे राजकुमार महाप्रबंधक, राजशेखर पाला, महाप्रबंधक और डॉ. प्रतिमा महेन्द्रा, वरिष्ठ विशेषज्ञ एवं सीएमओ इंचार्ज सहित अन्य मौजूद रहे। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मिलकर कर्मचारियों से सतर्कत अनुशासित और एकजुट रहकर सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

# किसान के लिए खाद बीज की व्यवस्था में बेपरवाह जिला प्रशासन: ज्ञानेंद्र

**सिंगरौली।** जिले में प्रचलित एक देसी कहावत तेरह कातिक, तीन आषाढ़ सिंगरौली जिला में चरितार्थ हो रही है। बोनी का समय निकलता जा रहा है, किंतु जिलेभर में खाद, बीज नदारत और प्रशानिक व्यवस्था सवालों के घेरे में है। जिले भर में सभी समितियां खाद विहीन तथा कृषि विभाग के भंडार बीज से खाली हैं। परेशान किसान भटक रहा हैं। अमानक खाद, महंगा बीज खरीदने और व्यापारियों के हाथ लूटने के लिए मजबूर है। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा है कि किसान को खेत में बीज डालने के समय में डीएपी खाद और फसल के लिए यूरिया खाद की अत्यंत आवश्यकता होती है। सहकारी समितियां के माध्यम से मिलने वाली खाद आज आषाढ़ महीना समाप्त होने के कगार पर है। किंतु जिलेभर में नदारत है। समितियां को अगर छोड़ दें तो सभी व्यापारियों के गोदाम खाद से भरे हुए हैं, जहां तक हमारी जानकारी है खाद का उठाव, जहां से समितियां का होता है। वहीं से व्यापारियों का भी होता है। जिला प्रशासन द्वारा या तो खाद का उठाव नहीं किया जा रहा है और व्यापारियों के यहां किसान को लूटने के लिए मजबूर किया जा रहा है ।

# गुरु पूर्णिमा का पावन पुनीत पर्व मनाया जाएगा कल

**सिंगरौली।** गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरुओं एवं शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। सनातन धर्म में गुरु को भगवान का दर्जा दिया गया है और गुरुओं को समर्पित एक प्रसिद्ध त्यौहार है गुरु पूर्णिमा। हिन्दू धर्म के साथ-साथ बौद्ध व जैन धर्म के लोग भी गुरु पूर्णिमा के उत्सव को हर्षोउल्लास से मनाते हैं। गुरु पूर्णिमा में गुरु शब्द का अर्थ शिक्षक से है।




गुरु पूर्णिमा के दिन शिष्यों द्वारा अपने गुरु के प्रति आस्था को प्रकट किया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार प्रति वर्ष आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि पर गुरु पूर्णिमा का त्यौहार मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता हैं। गुरु पूर्णिमा की पूजा विधि ज्योतिषविद् पं. डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढ़न के अनुसार गुरु पूर्णिमा के दिन प्रातःकाल स्नान अन्य नित्यकर्मों से निवृत होने के बाद शुद्ध वस्त्र धारण करने चाहिए। पूजा स्थल को गंगा जल छिड़क कर शुद्ध करने के बाद व्यास जी की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। अब व्यास जी के चित्र पर ताजे फूल या माला चढ़ाएं और इसके बाद अपने गुरु के पास जाना चाहिए। अपने गुरु को ऊँचे सुसज्जित आसन पर बैठाकर फूलों की माला अर्पित करनी चाहिए। अब वस्त्र, फल, फूल व माला अर्पण करने के बाद अपने सामर्थ्य अनुसार दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लेना चाहिए। वही गुरु पूर्णिमा का सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताते हुये कहा कि हिंदू, बौद्ध और जैन संस्कृतियों में गुरुओं को एक विशेष स्थान प्राप्त है। इन धर्मों या संस्कृतियों में अनेक शैक्षणिक और आध्यात्मिक गुरु हुए हैं, जिन्हें भगवान के तुल्य माना गया है।

# बिलौंजी डिग्री कॉलेज के पीछे आवागमन बाधित

## निविदा के बावजूद नही बन पाई सड़क, बारिश शुरू होते ही मोहल्लेवासी परेशान



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 42 बिलौंजी-बैढ़न डिग्री कॉलेज के पीछे स्थित मोहल्ले में सड़क की बदहाल स्थिति ने स्थानीय लोगों की परेशानियाँ बढ़ा दी हैं। वार्डवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण के लिए निविदा तो काफी पहले हो चुकी है, लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया।

बरसात के मौसम में गड्ढों और कीचड़ से होकर गुजरना लोगों की मजबूरी बन गया है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने कई बार नगर निगम अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। स्थानीय निवासी रमेश गुप्ता ने बताया कि हर बार कहा जाता है कि जल्द काम शुरू होगा, लेकिन महीनों बीत गए, स्थिति जस की तस है। मोहल्ले के अन्य नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो वे नगर निगम कार्यालय के सामने आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वही पार्षद, सब इंजीनियर व संविदाकार ने भ्रमण कर निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया। इस दौरा रहवासियों का कहना था कि जब इतने दिनों सड़क कार्य का टेंडर हुआ है तो, कार्य शुरू क्यों नही हुआ। इस सवाल का जवाब उपंयीत्री गोलमाल तरीके से देने लगे।

# करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिंगरौली।** शासकीय महाविद्यालय देवसर में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित बैंकिंग के क्षेत्र में करियर एक दिवसीय करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया देवसर के प्रबंधक ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को बैंकिंग सेवा के क्षेत्र में रोजगार को कैसे सृजित किया जाता है, इस क्षेत्र में करियर के अवसरों, रोजगार को कैसे प्राप्त किया जा सकता है एवं आम व्यक्ति किस प्रकार से आज के डिजिटल लेनदेन में अपने आप को जागरूक करे, जिससे उसके साथ धोखाधड़ी ना हो। उन्होंने बताया कि बैंक शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययन के लिए ऋण की सुविधा मुहैया कराती है, बशर्ते आप सभी ऋण ले कर ईमानदारी से पढ़ाई करें। बैंक हमेशा आपका सहयोग करने के लिए तत्पर है। कार्यक्रम में प्राचार्य जमुना प्रसाद नामदेव एवं नोडल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय तथा डॉ. विद्याचरण द्विवेदी साथ ही महाविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# रिलायंस के 57 कर्मचारियों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

### कोल माइंस मुहेर एवं इंडियन रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सम्पन्न, दो दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन




**सिंगरौली।** रिलायंस कंपनी के संस्थापक स्व. धीरूभाई अंबानी की पुण्यतिथि के अवसर पर रिलायंस सासन पावर लिमिटेड, कोल माइंस मुहेर एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली द्वारा संचालित रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया।

इस दो दिवसीय रक्तदान शिविर के अंतर्गत रिलायंस सासन पावर प्लांट से 29 यूनिट एवं कोल माइंस से 28 यूनिट कुल 57 यूनिट रक्त का स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। शिविर का संचालन रिलायंस सासन पावर लिमिटेड के सीईओ सचिन महापात्र के नेतृत्व एवं स्टेशन डायरेक्टर सुब्रत घोष के मार्गदर्शन में तथा इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली के चेयरमैन एसडी सिंह के निर्देशन में किया गया। रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आरडी द्विवेदी द्वारा रक्तदान से होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया गया। वही उक्त शिविर के दौरान रिलायंस सासन पावर लिमिटेड की ओर से अरनव भौमिक, मूर्ति बदलामनी, जितेंद्र प्रसाद, डॉ. बैजनाथ उपाध्याय, राकेश श्रीवास्तव, अनुराग केसरी, पीसी उपाध्याय, निशांत गुप्ता वहीं कोल माइंस से ऋषि श्रीवास्तव माइंस एजेंट, विजय सिंह माइंस मैनेजर तथा सीएसआर टीम से फुजैल अहमद, आशीष गुप्ता, नृपेंद्र पाण्डेय, अमित दुबे, हृदयलाल साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण की मौजूदगी रही। रेडक्रॉस ब्लड सेंटर की ओर से हरिशंकर गुप्ता, जय प्रकाश दुबे, शिवानी सिंह स्टाफ नर्स, सूरज प्रकाश सेन टेक्नीशियन, सुनीता शाह एवं प्रियंका दुबे टेक्नीशियन का इस शिविर को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

# शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक सहज एवं सुलभ ढंग से पहुंचे : सांसद

## दिशा की बैठक में सांसद ने की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा

### जनहित से जुड़ी समस्याओं का तत्परता से निराकरण करें: सांसद

**सीधी।** जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक में सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक सहज एवं सुलभ ढंग से पहुंचाना जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की जिम्मेदारी है। जो व्यक्ति अभी भी लाभ से वंचित हैं उनके लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। जनहित से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। बैठक में विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम तथा विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया तथा उनका तत्परता से निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर



स्वरोचिष सोमवंशी ने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं का तत्परता से निराकरण कर उन्हे की गई कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि मड़वा में सबस्टेशन बनाया जाना है। उससे जुड़ी समस्त कार्यवाहियां निर्धारित समयावधि में करा लें। इसके साथ ही जिले में ट्रांसफार्मर के लिए डिपो बनाया जाना है। डिपो के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। सांसद ने कहा कि किसानों के लिए यह समय महत्वपूर्ण हे। अत: किसानों के लिए बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। सांसद ने विद्युतीकरण से छूटे हुए बसाहटों के सर्वे का काम पूरी गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद, बीज, कीटनाशक आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी फील्ड में उपस्थित रहें। किसानों को समय-समय पर खेती से जुड़ी सलाह देते रहें तथा योजनाओं का भी व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करायें।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि सभी चिकित्सक अपने निर्धारित समय पर स्वास्थ्य केन्द्रों में उपस्थित रहें। बरसात के मौसम के दृष्टिगत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। सांसद ने निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया से चिकित्सकों की अनुपस्थित पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने निर्देशित किया है कि जर्जर भवनों में विद्यालयों का संचालन नहीं किया जाये। शून्य शिक्षक वाले शालाओं के लिए शिक्षकों की व्यवस्था करें।

रेलवे विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने 15 जुलाई को रामपुर नैकिन तथा अक्टूबर में चुरहट तक रेलवे के ट्रायल पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होने रेलवे के अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता तथा समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि गांवों में पानी का भराव नहीं हो। सड़क निर्माण करने वाले विभागों की समीक्षा करते हुए सांसद ने बरसात के दिनों में सड़कों के रखरखाव के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। सेतु निर्माण विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थित पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल निगम द्वारा प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद ने सभी घरो तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कार्य के कारण प्रभावित सड़कों के मरम्मतीकरण का कार्य अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने गुलाब सागर परियोजना के मार्गों का मरम्मतीकरण का कार्य तत्काल करने के निर्देश दिए हैं।

सांसद ने वनाधिकार पट्टे के हितग्राहियों से जुडी समस्याओं को तत्परता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेन्द्र सिंह परिहार, जनपद अध्यक्ष मझौली सुनैना सिंह सहित दिशा समिति के सदस्य उपस्थित रहें। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, वन मण्डलाधिकारी प्रीति अहिरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेष द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई गई।

# युवा संगम -रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिशिप मेल का आयोजन 15 जुलाई को

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को एक ही छत के नीचे रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी, आई.टी.आई. सीधी एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा दिनांक 15 जुलाई 2025 को शासकीय आर्ट्स एवं कामर्स महाविद्यालय, मझौली जिला सीधी के परिसर में समय सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक एक दिवसीय ''युवा संगम'' संयुक्त रूप से रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश/प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की कंपनियॉ भाग ले रही हैं।

अप्रेन्टिसशिप मेले में भाग लेने वाली कंपनियॉ मर्दशन सुमी, देवा इन्टरप्राईजेज (कन्सलटेंसी) अहमदाबाद (गुजरात) योग्यता-10वीं, 12वीं, आई.टी.आई. (ऑल ट्रेड), डिप्लोमा इंजीनियरिंग वेतन-19600 से 25500 रूपये तक आयु सीमा 18 से 30 वर्ष, देवा इन्टरप्राईजेज, सतना (म.प्र) योग्यता 10वीं से स्नातक वेतन 7 से 12 हजार रूपये, आयु सीमा 18 से 30 वर्ष, आर्या वेन्चर कंपनी, सिंगरौली, रायगढ़, पुणे गुजरात अनपढ़ से स्नातकोत्तर वेतन-16 से 18 हजार रूपये आयु सीमा 18 से 45 वर्ष, एस.आई.एस.सिक्युरिटी इंडिया लिमिटेड, सिंगरौली (म.प्र.) योग्यता 10वीं से स्नातक वेतन 14400 से 18 हजार रूपये (म.प्र.) में 18 हजार से 27 हजार रू.तक ऑल इंडिया आयु सीमा 19 से 40 वर्ष, वर्धमान यार्न टैक्सटाईल मिल लिमिटेड मंडीदीप भोपाल योग्यता 5वीं से 12वीं, स्नातक वेतन 11856 रूपये आयु सीमा 18 से 26 वर्ष, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि.मि., रीवा (म.प्र.) योग्यता 12वीं से स्नातक वेतन 12 हजार रूपये से 33 हजार रू.तक आयु सीमा 18 से 45 वर्ष, क्यूस कार्पोरेशन लिमिटेड (टाटा मोटर्स गुजरात) योग्यता 12वीं से स्नातक, आई.टी.आई. वेतन 17149 रूपये आयु सीमा 18 से 30 वर्ष, साई प्रसाद इन्डस्ट्रियल, एस.आई.एस. कार्पोरेशन, पुणे योग्यता 10वीं, 12वीं, आई.टी.आई. (ऑल ट्रेड), डिप्लोमा इंजीनियरिंग बीई, बीटेक वेतन 17149 रूपये से 19 हजार रूपये तक आयु सीमा 18 से 26 वर्ष, मिन्ट कंपनी आई.टी. पार्क, जबलपुर योग्यता स्नातक वेतन 2 लाख रूपये प्रतिवर्ष आयु सीमा 18 से 35 वर्ष, ग्रो फास्ट फर्टिलाईजर, जबलपुर म.प्र. योग्यता 12वीं वेतन 13 हजार से 25 हजार रूपये तक आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। इच्छुक व्यक्ति जो योग्यता रखते हैं मेले में सम्मिलित हो सकते है।

### विभाग में दिव्यांगजनों के रिक्त पदों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों के लिये सीधी भर्ती से भरे जाने वाले तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के स्वीकृत पद, भरे पद, रिक्त पद की जानकारी निर्धारित प्रपत्र-अ में तैयार कर कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, जिससे नियमानुसार कार्यवाही किया जा सके।

# पहुँच विहीन प्रसूताओं को बर्थ वेटिंग रूम में पूर्व से भर्ती होना आवश्यक, 104 डायल करे

**सीधी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 बबिता खरे ने बताया कि ऐसी गर्भवती महिलाएं जिनका प्रसव इसी माह में अथवा 4 से 6 दिन में संभावित है और उनके घर तक वाहन पहुंचने में कठिनाई है सड़क नहीं है, तो संभावित प्रसव दिनांक से पहले ही भर्ती होने के लिए शासकीय अस्पताल जाएं।

शासकीय अस्पतालों में इसी उद्देश्य से बर्थ वेटिंग रूम बनाए गए हैं, उसमें गर्भवती महिलाओं को प्रसव के पूर्व से ही एडमिट करने की पूरी व्यवस्था की गई है, ताकि प्रसव के दौरान किसी कठिनाई का सामना ना करना पड़े। बरसात के मौसम के कारण दूरभाष एवं आवागमन के साधन समय पर तत्काल उपलब्ध न होने के कारण भी कठिनाई आ सकती है। वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला चिकित्सालय में बर्थ वेटिंग रूम की स्थापना हो चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी स्वास्थ संबंधी सहायता के लिए 104 हेल्थ हेल्प लाइन टोल फ्री नंबर पर संपर्क करके उचित सलाह प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी कारण से स्वास्थ्य सेवा बाधित हो रही है या उपलब्ध नहीं हो पा रही है तो डाइरेक्ट मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के मोबाइल नंबर 9425841416 में भी कॉल कर सकते हैं।

### निर्माणाधीन बम्हनी-मगरोहर मार्ग में परिवर्तित मार्ग का उपयोग करने की सलाह

**सीधी।** महाप्रबंधक म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई जी.पी. मिश्रा ने जानकारी देकर बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क बम्हनी से मगरोहर मार्ग में ग्राम मोहनी के पास चौनेज 18200 मीटर में ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। मार्ग में आवागमन हेतु सुगम एवं सुरक्षा की दृष्टिकोण से परिवर्तित मार्ग भुइयांडोल से इटहा निर्धारित किया गया है। परिवर्तित मार्ग का उपयोग करना सुनिश्चित करें।

# जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत ने सुनी 212 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

**सीधी।** जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 212 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित हितग्राही को सूचित करे। अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने



वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एस पी मिश्रा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# 9 जुलाई को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सीधी।** अधीक्षकण अभियंता (संचा-संधा) म.प्र.पू. क्षे.वि.वि. कं. लिमि ने जानकारी देकर बताया कि 132 के.व्ही. सीधी-मऊगंज लाइन में पश्चिम मध्य रेल्वे द्वारा निर्माणाधीन रीवा-सीधी सिंगरौली ब्राडगेज रेल्वे लाईन के कारण उस क्षेत्र से गुजर रही लाईन का निर्माण एवं विस्थापन का कार्य 37आर से 38एआर/1 के मध्य चल रहा है, कार्य के दौरान कन्डेक्टर 11 के.व्ही. के रेन्ज में आ जायेगी ग्राग मधुरी कोठार में कार्य होने के कारण 132 के.व्ही टावर में स्ट्रिंग कार्य करने के लिए 33/11 के.व्ही. कुर्वाह फीडर, सीधी (ग्रामीण) विद्युत्त वितरण केन्द्र की विद्युत अपूर्ति दिनांक 09.07.2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत अपूर्ति बाधित रहेगी।

# दिव्यांग छाओं का उपकरण वितरण आज

**सीधी।** जिला शिक्षा केंद्र सीधी के आदेश अनुसार जनपद शिक्षा केंद्र सीधी के द्वारा दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण आज 9 जुलाई किया जाएगा। यह उपकरण वितरण शिविर दिसंबर 2024 में चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के द्वारा एलएमको जबलपुर की टीम के द्वारा दिव्यांग बच्चों की जांच की गई थी एवं उपकरण हेतु चिन्हित किए गए उन दिव्यांग बच्चों को उपकरण हेतु चिन्हित किया गया था उन्हें चिन्हित दिव्यांग बच्चों को आज 9 जुलाई को मानस भवन सीधी में उपकरण वितरण किया जाएगा। इस उपकरण वितरण में वह दिव्यांग छात्र आएंगे जिन विद्यालयों को भी सूचित किया गया है जिन दिव्यांग छात्रों को चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर में उपकरण के लिए चिन्हित किया गया था इसकी सूचना भी दी गई है उन्हीं छात्रों को लाना है एवं जिन दिव्यांग छात्रों को उपकरण हेतु चिन्हित नहीं किया गया था उन दिव्यांग छात्रों को उपकरण वितरण शिविर में नहीं लाना है उपकरण वितरण शिविर में जिन बच्चों को लाया जाएगा उनको पहले से भी सूचना जनपद शिक्षा केंद्र सीधी के मोबाइल शुरू सलाहकार राजेश तिवारी एवं राजेश कुमार गुप्ता के द्वारा दी गई है। अत: सभी संस्था प्रमुख अपने-अपने विद्यालय के जो बच्चों को उपकरण हेतु सूची उपलब्ध कराई है उन दिव्यांग सभी छात्रों को उपकरण वितरण शिविर स्थल मानस भवन में संस्था के शिक्षा के अध्यापक दिव्यांग बच्चों को लेकर आए और उपकरण विसरण करने की पश्चात घरों तक सुरक्षित पहुंचाएं।

# जिले में औसत वर्षा 329.9 मि.मी. दर्ज

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 08 जुलाई को सीधी जिले में 4.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट में 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 1.6 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 10.0 मि.मी., मझौली में 7.0 मि.मी. और कुसमी में 12.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 329.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 08 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 471.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 169.0, चुरहट में 229.0, गोपद बनास में 266.8, बहरी में 398.3 मझौली में 399.0 मि.मी. और कुसमी में 376.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 142.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 187.1 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# राज्य शिक्षक संघ ने ई-अटेंडेंस व्यवस्था के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**सीधी।** राज्य शिक्षक संघ जिला इकाई सीधी ने प्रांतीय आह्वान पर ई-अटेंडेंस को सभी विभागों में लागू करने ऐसा होने तक शिक्षा विभाग में इसे लागू नहीं करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर महोदय को सौंपा गया। राज्य शिक्षक संघ सीधी के जिलाध्यक्ष सुखेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि शासन द्वारा केवल शिक्षक संवर्ग के लिए ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू करना समाज में ऐसा संदेश देता है कि शिक्षक कर्तव्य के प्रति लापरवाह और गैर जिम्मेदार है। राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश ने ऐसे कुप्रचार को फैलाने वाली ई-एटेंड्स व्यवस्था को सिर्फ शिक्षकों के लिए लागू किए जाने को अन्यायपूर्ण बताया है। एवं उन्होंने बताया है कि ऐसी व्यवस्था लागू करना सरकार का हक है पर



राज्य शासन के सभी विभाग के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों पर एक साथ लागू किया जाना चाहिए। संघ ने सरकार को चेताया है कि गुरु परंपरा को खंडित करने वाली इस योजना में प्रदेश का शिक्षक संवर्ग तब तक शामिल नहीं होगा जब तक यह केवल उनके लिए है। अत: ई-अटेंडेंस व्यवस्था शिक्षकों के लिए स्थगित किया जाय। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष सीधी संजय सिंह बघेल,कोषाध्यक्ष बांकेलाल सिंह जगत बहादुर सिंह मीरा शर्मा प्रदीप कुमार सिंह राजश्री तिवारी प्रकाश सिंह चौहान, जय भारत साहू , श्रीमती मालती मिश्रा , आशा पटेल अंबिका पनिका आर पी प्रजापति सुभाष गौतम राकेश सिंह राजकुमार मांझी गोविंद नारायण सिंह देवेश सिंह चौहान संतोष कुमार गुप्ता संतोष गौतम राजीव गुप्ता, अशोक पांडेय, धीरेंद्र सिंह चंदेल सुभाष द्विवेदी विजय सिंह शैलेंद्र कुमार सिंह हरिप्रसाद पांडे शैलेंद्र पांडे राकेश सिंह चौहान, , चंद्रेश यादव, रमापति मिश्रा शिव प्रताप सिंह चौहान नागेश्वर सिंह चौहान, गोविंद प्रताप सिंह , देवेश सिंह, जगत बहादुर सिंह, अरुण पांडेय, बोध नारायण सिंह, संतोष गौतम, राजेश कुमार सिंह चौहान, पंकज पटेल, राजकुमार मांझी ओम प्रकाश मिश्रा शिवराज सिंह चौहान एवं पंकज सिंह गहरवार के अलावा सैकड़ो शिक्षक शामिल रहे।

### 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालयों में दो दिवसीय गुरू पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम आयोजित होगे

**सीधी।** लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार जिले के समस्त विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय गुरू पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 09 एवं 10 जुलाई को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 9 जुलाई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम - प्रार्थना सभा के पश्चात् प्रार्थना स्थल पर शिक्षकों द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं पांरपरिक गुरु-शिष्य संस्कृति पर प्रकाश, प्राचीन काल में प्रचलित गुरुकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव विषय पर निबंध लेखन कार्यक्रम आयोजित होगे।

10 जुलाई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम - जिले की शिक्षण संस्थाओं मे वीणा-वादिनी मॉ सरस्वती के समक्ष दीप-प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण तथा गुरु वंदना, शिक्षकां एवं विद्यार्थियों द्वारा गुरु संस्मरण पर संभाषण, गुरुजनों एवं शिक्षकों का सम्मान किया जावेगा।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री पवन कुमार सिंह ने समस्त प्राचार्यो को शिक्षण संस्थाओं मे आयोजित किये जाने वाले गुरु पूर्णिमा उत्सव अवसर पर उपरोक्तानुसार कार्यक्रम संपन्न किये जाने हेतु पत्र जारी किया है।

# विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ की बैठक संपन्न

**सीधी।** विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ शाखा सीधी की बैठक पीसीसी पोल फैक्ट्री सीधी में दिनांक 8 जुलाई को संपन्न हुई जिसमें लगभग 80 से 90 विद्युत पेंशनर्स बैठक में उपस्थित हुए। सभी को आईटीआर भरने हेतु प्रेरित किया गया 70 वर्षीय सम्मान समारोह के लिए एक स्वर से सभी ने आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए आश्वासन दिया विद्युत पेंशनर्स की बैठक व्यवस्था न होने के कारण अधीक्षण अभियंता से चर्चा करने के लिए सभी पेंशनर्स ने अन्य समस्याओं के साथ बैठक का समय चाहा है जुलाई 2024 से 3त्न महंगाई स्वीकृत न करते हुए मार्च 25 से महंगाई स्वीकृत किया है इसके लिए पेंशनर्स ने नाराजगी व्यक्ति की है तथा जो पेंशनर्स नहीं आते हैं उनके घर जाकर उनकी स्थिति को जानने के लिए एवं उन्हें प्रेरित करने के लिए टीम भी गठित की गई है पेंशनरों ने जो स्थानीय कर्मचारी सीधी में रहते हैं उन्हें बैठक में उपस्थित



होने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक में भीमसेन सिंह, मोहम्मद वारिस अंसारी, सीताराम दुबे, श्याम लाल पांडे, बी.डी. वर्मा, राम सिया शुक्ला, मोतीलाल सेन, केशव प्रताप सिंह, शिवदयाल कुशवाहा, पातीराज सिंह, छोटेलाल सिंह, शीतला प्रसाद तिवारी, जगजाहिर, सुमन सिंह चौहान, प्रतिभा सिंह, प्रेमवती पांडे, रामवती सिंह, रामधनी सिंह, छोटेलाल शर्मा, आसमान सिंह, रविंद्र नाथ गुप्ता, एच.एल. यादव, राघव प्रसाद द्विवेदी, नीरज कुशवाहा, रामकृपाल, शंभू प्रसाद शुक्ला, समय लाल कुशवाहा, अश्वनी प्रसाद विश्वकर्मा, रवि नंदन पांडे, लालमन रजक, राम निक विश्वकर्मा, धनेश्वर गुप्ता, बाबूलाल विश्वकर्मा, कमला कुशवाहा एवं भागवत शुक्ला के अतिरिक्त अन्य विद्युत पेंशनर्स की उपस्थिति रहे।

## संपादकीय

### रौब दिखाने के चक्कर में हो रही हत्या

पिछले कुछ वर्षों से शहरों-महानगरों में सड़कों पर यह विडंबना तेजी से बढ़ी है कि बेहद मामूली बात पर दो पक्ष आपस में उलझ जाते हैं और कई बार टकराव इस कदर हिंसक शक्ल अख्तियार कर लेता है कि उसमें किसी की जान चली जाती है। सड़कों पर हिंसा की यह एक ऐसी प्रवृत्ति है, जो न केवल नाहक उपजे तात्कालिक गुस्से के बेलगाम होने का नतीजा होती है, बल्कि इसका अंजाम एक अपराध के रूप में भी सामने आता है।आए दिन ऐसे मामले सामने आते रहते हैं, जिनमें दो वाहन चालक या लोग गलती से हल्की टक्कर होने या फिर बेहद छोटी बात पर हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार को दिल्ली के नंदनगरी इलाके में गलती से एक ई-रिक्शा एक कार से टकरा गया, जिससे किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। मगर सिर्फ इतनी-सी बात के लिए कार चालक ने आवेश में आकर ई-रिक्शा चालक को गोली मार दी।यह समझना मुश्किल है कि महंगी गाड़ियों में हथियार लेकर चलने के शौक के पीछे कौन-सी ग्रंथि काम कर रही होती है। मगर कई बार सड़क पर शान या रौब और दूसरे पर हावी होने की जैसी प्रवृत्ति पाई जाती है, उसमें कुछ लोगों की आक्रामकता दूसरों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। खासकर जब उसके पास कोई खतरनाक हथियार भी हो। नतीजतन, जिन बातों पर टकराव भी नहीं होना चाहिए, उन पर हत्या तक कर दी जाती है।नंदनगरी में बेहद मामूली बात पर ई-रिक्शा चालक को गोली मार देने के पीछे भी आक्रोश था, जिसे कुछ पल के धीरज से टाला जा सकता था। दरअसल, अपनी गाड़ी से किसी अन्य वाहन के छू जाने, हल्की टक्कर होने या फिर आगे निकलने पर होने वाली बहसें आजकल चिंताजनक रूप से हिंसक टकराव में तब्दील होती देखी जा रही हैं। सड़कों पर यह एक ऐसी विकृति पल रही है, जिसका शिकार कोई भी हो सकता है, क्योंकि अनदेखी करने लायक बातों पर भी जिस तरह के टकराव खड़े हो जाते हैं, उनमें वहां बात करने और आपसी समझ और सद्भाव से विवाद को सुलझाने की गुंजाइश कम होती जा रही है।

*इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने ब्रिक्स को केवल एक आर्थिक मंच नहीं, बल्कि एक रणनीतिक, वैचारिक और नैतिक मंच बना दिया है जो पश्चिमी प्रभुत्व के विकल्प के रूप में उभर रहा है। 2025 की ब्रिक्स शिखर बैठक ने एक बार फिर यह साबित किया है कि यह समूह न केवल वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में संतुलन लाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन और भारत की नीतिगत प्राथमिकताओं ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की स्थायी भूमिका को रेखांकित किया है। इस बैठक में जहां एक ओर भारत ने ग्लोबल साउथ की आवाज़ को मजबूती दी, वहीं दूसरी ओर चीन, रूस और ब्राजील जैसे अहम सहयोगियों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने की पहल भी की।*

# आत्मविश्वास, संतुलन और संवाद से मोदी ने ब्रिक्स को बनाया विकासशील देशों की आशा का मंच

(नीरज कुमार दुबे)

ब्रिक्स बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की बात करें तो आपको बता दें कि उनका आत्मविश्वास, संतुलन और संवाद देखने लायक था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बैठक में तीन स्तरों पर भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री मोदी और क्यूबा के राष्ट्रपति ने बैठक की, औषधि क्षेत्र एवं यूपीआई पर हुई चर्चा।

1. ग्लोबल साउथ का नेतृत्व- विकासशील देशों की समस्याओं और आकांक्षाओं को केंद्र में रखते हुए भारत ने 'ग्लोबल साउथ वाइस' बनने की भूमिका निभाई।


2. संवाद के माध्यम से मतभेदों का समाधान- बिना टकराव के, संवाद और संतुलन की नीति अपनाते हुए भारत ने चीन और रूस दोनों के साथ अपने हितों को स्पष्ट रूप से रखा।

3. सतत विकास और समावेशी वैश्वीकरण - डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, हरित ऊर्जा, और खाद्य सुरक्षा जैसे विषयों पर भारत ने दीर्घकालिक दृष्टिकोण साझा किया।

इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने ब्रिक्स को केवल एक आर्थिक मंच नहीं, बल्कि एक रणनीतिक, वैचारिक और नैतिक मंच बना दिया है जो पश्चिमी प्रभुत्व के विकल्प के रूप में उभर रहा है। यह स्पष्ट हो रहा है कि भारत अब केवल भागीदार नहीं, बल्कि नीति-निर्माता और संतुलनकर्ता की भूमिका निभा रहा है- वह भी आत्मविश्वास, गरिमा और स्थिरता के साथ। साथ ही प्रधानमंत्री ने भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉडल की सराहना करते हुए ब्रिक्स देशों को इस अनुभव से सीख लेने की सलाह दी और आत्मनिर्भर भारत की नीति को वैश्विक आत्मनिर्भरता की अवधारणा से जोड़ा और कहा कि एक-दूसरे पर निर्भर होकर भी आत्मनिर्भर राष्ट्र बन सकते हैं।

देखा जाये तो ब्रिक्स शिखर बैठक 2025 ने यह सिद्ध किया कि यह मंच अब केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक और व्यावहारिक महत्व का बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पष्ट, दूरदर्शी और समावेशी विचारों ने भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को उजागर किया। आने वाले वर्षों में ब्रिक्स भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और अंतरराष्ट्रीय नीति निर्माता के रूप में स्थापित करने का माध्यम बनता रहेगा।

इसके अलावा, ब्रिक्स समूह की ओर से पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करना और आतंकवाद को 'कतई बर्दाश्त न करने' का दृष्टिकोण अपनाना तथा इससे मुकाबला करने में दोहरे मापदंड त्यागने के भारत के रुख को दोहराना, भारतीय विदेश नीति की एक बड़ी जीत है। हम आपको यह भी बता दें कि पिछले सप्ताह अमेरिका में हुई क्वॉड की बैठक में भी पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गयी थी। क्वॉड सदस्य देशों ने पहलगाम में हुए आतंकवादी



हमले का जबरदस्त विरोध करते हुए जो संयुक्त बयान जारी किया था उसका एक एक शब्द दर्शा रहा था कि भारत की बुलंद आवाज का विश्व भर में कितना असर हुआ है।

उधर, ब्रिक्स बैठक 2025 के प्रमुख निष्कर्षों पर गौर करें तो आपको बता दें कि इस वर्ष की बैठक में जो बड़े निर्णय हुए उसके तहत सदस्यों देशों ने अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को संतुलित करने के लिए वैकल्पिक करेंसी सिस्टम विकसित करने पर चर्चा की। साथ ही कई नए विकासशील देशों को 'ब्रिक्स' के तौर पर जोड़ने की दिशा में सहमति बनी, जिससे समूह का वैश्विक प्रभाव और व्यापक होगा। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और डब्ल्यू जैसे संस्थानों में विकासशील देशों की हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही सतत विकास, हरित ऊर्जा और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में सहयोग को बढ़ाने का निर्णय हुआ। इसके अलावा, ग्लोबल साउथ में आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और संघर्ष समाधान पर संयुक्त दृष्टिकोण अपनाने का संकल्प लिया गया। भारत की दृष्टि से ब्रिक्स के महत्व की बात करें तो आपको बता दें कि ब्रिक्स भारत को पश्चिमी दबावों से स्वतंत्र होकर अपनी विदेश नीति निर्धारित करने की स्वतंत्रता देता है। रूस और चीन जैसे पड़ोसी राष्ट्रों के साथ मंच साझा कर भारत अपने रणनीतिक हितों की रक्षा करता है।

इसके अलावा, भारत ब्रिक्स के माध्यम से वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करता है, जिससे उसे अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों में रणनीतिक और आर्थिक प्रभाव बढ़ाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक के माध्यम से भारत को बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वैकल्पिक वित्तीय सहायता प्राप्त होती है, जो आईएमएफ/वर्ल्ड बैंक जैसे पश्चिमी संस्थानों पर निर्भरता को कम करती है। इसके अलावा, भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं और डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को ब्रिक्स देशों का सहयोग मिलने से वैश्विक स्तर पर स्वीकृति और समर्थन मिलता है।

ब्रिक्स सदस्यों के साथ भारत के संबंधों की बात करें तो आपको बता दें कि इस मंच पर भारत और चीन का आमना-सामना उस समय हुआ जब सीमा विवादों को लेकर दोनों देशों के संबंधों में तनाव बना हुआ है। देखा जाये तो भारत-चीन संबंधों में ब्रिक्स एक रणनीतिक डायलाग बफर की भूमिका निभा रहा है- जहां सहयोग की संभावना है, लेकिन सतर्कता भी आवश्यक है।

इसके अलावा, ब्रिक्स के मंच पर भारत और रूस के संबंधों में गर्मजोशी साफ दिखी। यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारत ने रूस के साथ ऐतिहासिक रणनीतिक साझेदारी को बनाए रखा है। भारत ने रूस से तेल आयात, रक्षा आपूर्ति और परमाणु ऊर्जा सहयोग को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई है। साथ ही भारत ने ब्रिक्स मंच से कोई पक्ष नहीं लिया, बल्कि रूस के साथ संबंधों को रणनीतिक संतुलन के रूप में प्रस्तुत किया। देखा जाये तो भारत-रूस संबंध ब्रिक्स के भीतर भारत की नॉन-वेस्टर्न मैत्री नीति का आधार स्तंभ बने हुए हैं।

जहां तक ब्राजील के साथ संबंधों की बात है तो इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत और ब्राजील, दोनों ग्लोबल साउथ के अगुवा हैं। ब्रिक्स बैठक में इन दोनों देशों की सहभागिता विशेष रूप से कृषि, जलवायु और डिजिटल समावेशन के क्षेत्र में मजबूत हुई। इसके अलावा, ब्राजील के पास जैव ईंधन की प्रचुरता है और भारत हरित ऊर्जा में अग्रणी बनना चाहता है- यह साझा लक्ष्य स्पष्ट रूप से उभर कर आया। साथ ही भारत ने ब्राजील के साथ खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को मज़बूत करने पर बल दिया। इसके अलावा, दोनों देशों ने वैश्विक संस्थानों में सुधार और ग्लोबल साउथ की भूमिका बढ़ाने पर सहमति जताई। देखा जाये तो भारत-ब्राजील साझेदारी ब्रिक्स को ग्लोबल साउथ स्ट्रेटीज इंजन' का स्वरूप प्रदान कर सकती है।

हम आपको बता दें कि ब्रिक्स एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है क्योंकि यह विश्व की 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एकसाथ लाता है, जो वैश्विक जनसंख्या का लगभग 49.5 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का लगभग 26 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता वाला ब्रिक्स एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय मंच है जो विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की आवाज़ को वैश्विक मंच पर बुलंद करता है। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन और ब्रिक्स बैठक से इतर उनकी द्विपक्षीय मुलाकातों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि एक निर्णायक वैश्विक भागीदार बन चुका है। भारत अब पश्चिम और ग्लोबल साउथ के बीच एक 'ब्रिज' की भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पांच देशों की यात्रा ने भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की परिकल्पना को वैश्विक मंचों पर पुनः सशक्त किया है। ब्राजील जैसे देशों के साथ संबंधों को नया आयाम देकर भारत ने यह साबित किया है कि वह न केवल आर्थिक शक्ति है, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टिकोण से भी विश्व नेतृत्व का सक्षम दावेदार है।

# सेकुलर और सोशलिस्ट को लेकर सियासी रार

(उमेश चतुर्वेदी)

जब से भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय सत्ता में आई है, तभी से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी एक रट लगाए हुए हैं कि बीजेपी और संघ संविधान बदलना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान तो उनकी अगुआई में समूचे विपक्ष ने इसे बार-बार दोहराया।

इतिहास ने जब किसी कालखंड को काला अध्याय के रूप में स्वीकार कर लिया हो, तब उस कालखंड में लिए गए निर्णयों को वैधानिक कैसे माना जा सकता है। आपातकाल स्वाधीन भारत की तवारीख का काला दौर ही है। उसी दौर में संवैधानिक संशोधन के जरिए संविधान की प्रस्तावना में 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्द जोड़े गए। ऐसे में इन शब्दों को हटाने की मांग पर विमर्श होना चाहिए, लेकिन हो रहा है विवाद। इसकी वजह यह है कि यह मांग खुलेतौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने की है। संघ की ऐसी आवाजें गैर बीजेपी दलों को अक्सर चुभती रही हैं। कांग्रेस ने इस बहाने संघ पर अपना पुराना आरोप दोहराना शुरू कर दिया, कि संघ और बीजेपी संविधान को बदलने की कोशिश में हैं। दिलचस्प यह है कि आपातकाल में कांग्रेसी अत्याचारों के शिकार हुए समाजवादी धड़े के दल भी संघ विरोध में कांग्रेस के साथ खड़े नजर आ रहे हैं।

सबसे पहले हमें जानना चाहिए कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने इस बारे में क्या कहा है। आपातकाल की पचासवीं बरसी पर दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 'आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्द जोड़े गए। ये शब्द पहले नहीं थे। बाद में इन्हें निकालने की कोशिश नहीं हुई। ये शब्द संविधान में रहना चाहिए। इस पर विचार होना चाहिए।'

जब से भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय सत्ता में आई है, तभी से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी एक रट लगाए हुए हैं कि बीजेपी और संघ संविधान बदलना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान तो उनकी अगुआई में समूचे विपक्ष ने इसे बार-बार दोहराया। नई लोकसभा के गठन के दौरान विपक्षी सांसदों ने शपथ लेते वक्त अपने हाथ में संविधान की प्रति थामे रखी। अंतर बस यह रहा कि कांग्रेसी सांसदों के हाथ में लाल रंग के कवर वाली संविधान की प्रति रही तो दूसरे दलों के सांसदों के हाथों में नीले रंग के कवर वाली संविधान की प्रति रही। शपथ लेते वक्त भी विपक्षी सांसदों ने देश को संदेश देने की कोशिश की कि बीजेपी संविधान बदलना चाहती है और वे इसे बदलने नहीं देंगे। दत्तात्रेय होसबाले के बयान के बाद एक बार भी कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल ऐसी ही बयानबाजी में मसरूफ हो गए हैं।

संविधान की प्रस्तावना में ये दोनों शब्द 42वें संशोधन के जरिए जोड़े गए थे। इसी के साथ लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल पांच की बजाय छह साल कर दिया गया था। 1977 के आम चुनावों के बाद सत्ता में आई जनता पार्टी की सरकार ने दिसंबर 1978 में संविधान के 44वें संशोधन के जरिए आपातकाल के दौरान किए गए संवैधानिक बदलावों को बदल दिया। जिसमें लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल को फिर से पांच साल करना शामिल था। लेकिन संविधान की प्रस्तावना से 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्दों को हटाने का प्रयास नहीं हुआ।

संघ की मांग का आधार मूल संविधान की प्रस्तावना है। जिसमें ये दोनों शब्द शामिल नहीं किए गए थे। ऐसा नहीं कि ऐसा करने की मांग नहीं हुई थी। संविधान सभा के सदस्य केटी शाह ने 15 नवंबर 1948 को संविधान के मसौदे में संशोधन प्रस्ताव रखते हुए भारत को 'धर्मनिरपेक्ष, संघीय, समाजवादी राज्यों का संघ' बनाने माँग की। लेकिन अंबेडकर ने इसे खारिज कर दिया। तब अंबेडकर ने कहा था, राज्य की नीति क्या होनी चाहिए, समाज को उसके सामाजिक और आर्थिक पक्ष में कैसे संगठित किया जाना चाहिए, ये ऐसे मामले हैं जिनका निर्णय लोगों को समय और परिस्थिति के अनुसार स्वयं करना चाहिए। अंबेडकर का मानना था कि अगर संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद को जोड़ दिया जाता है तो यह भावी पीढ़ियों को उनका रास्ता चुनने की स्वतंत्रता को सीमित करेगा। उन्होंने कहा, इसे संविधान में नहीं रखा जा सकता, क्योंकि यह लोकतंत्र को पूरी तरह से नष्ट कर देगा। नेहरू की भी सोच थी कि भारतीय संविधान का चरित्र ही धर्मनिरपेक्ष है, इसलिए उसकी प्रस्तावना में इसे अलग से जोड़ने की जरूरत नहीं है।

कांग्रेस हो या फिर दूसरे विपक्षी दल, उन्हें आज के दौर में जब भी बीजेपी पर हमला या फिर संघ को कठघरे में खड़ा करना होता है, वे अंबेडकर के संविधान को याद करने लगते हैं। अंबेडकर के मूल्यों की रक्षा की बात करने लगते हैं। ऐसे में उनके सामने यह सवाल जरूर उठता है कि क्या आपातकाल थोपा जाना अंबेडकर के विचारों का सम्मान था और अगर वह नहीं था तो फिर सेकुलर और समाजवादी शब्दों का प्रस्तावना में शामिल होना सही कैसे है? एक और सवाल यह है कि जब आपातकाल ही नाजायज और अवैधानिक था तो फिर उस दौरान उठाए गए किसी कदम को जायज और संवैधानिक कैसे स्वीकार किया जा सकता है? सवाल यह भी है कि आपातकाल के दौरान इंदिरा ही कार्यपालिका हो गई थीं, जिनके सामने न्यायपालिका और विधायिका एक तरह से अधिकारहीन हो चुकी थीं, तो उनके द्वारा लिए गए निर्णय सही कैसे हो सकते हैं? संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए इन शब्दों की एक सीमा यह भी है कि इनकी कोई व्याख्या नहीं है। इसलिए जिसकी जैसी सोच होती है, इनकी व्याख्या कर डालता है।

केशवानंद भारती केस में सर्वोच्च न्यायालय कह सकता है कि संविधान की बुनियादी आत्मा को नहीं बदला जा सकता। इस नजरिए से भी देखें तो प्रस्तावना में जोड़े गए ये दोनों ही शब्द सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के ठीक उलट हैं। इन दोनों शब्दों के जोड़े जाने के बाद ही संविधान का अलग ही रूप और चरित्र दिखने लगा है। जिसके आधार पर ज्यादातर कार्यपालिका और विधायिका फैसले लेने लगी है। कुछ जानकार तो मानते हैं कि कई सामाजिक समस्याओं की वजह ये दोनों शब्द ही हैं। जिनके चलते संवैधानिक संस्थाएं भारत के बुनियादी चरित्र के उलट कदम उठाती रहती हैं या फैसले लेती रहती हैं। अल्पसंख्यकवाद को बढ़ावा देने में इन दोनों शब्दों का योगदान सबसे ज्यादा है। इन्हीं शब्दों के चलते तुष्टिकरण की राजनीति को भी बढ़ावा मिला है। इन शब्दों से मिले कवच की वजह से बिखंडनकारी तत्व हावी हुए हैं, जो लगातार भारतीय समाज के बिखराव को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रस्तावना में आए बदलावों ने शासन के चरित्र को ही नहीं, प्रशासन की सोच को भी बदला है। लेकिन कभी इस नजरिए से इन शब्दों की सीमा को मापने और उनके असर को पहचानने की कोशिश नहीं हुई।

कुछ महीने बाद बिहार विधानसभा के चुनाव हैं। कांग्रेस संघ की इस अपील को चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश जरूर करेगी। बिहार के प्रमुख विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल ने इस मुद्दे पर कांग्रेस का साथ जरूर दिया है, लेकिन कांग्रेस की तरह आक्रामक मुद्दा में नहीं है। इसकी वजह यह है कि बीजेपी और संघ

## वर्ग पहेली 5786

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| ■ | 13 | 14 | | ■ | 15 | | |
| 16 | | | ■ | 17 | | ■ | |
| | ■ | 18 | | | ■ | 19 | |
| 20 | 21 | | ■ | 22 | 23 | ■ | |
| 24 | | ■ | 25 | | | ■ | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 13 अगस्त 1999 को इस लेखिका की पुस्तकी आमार मऐबेला पर बांग्लादेश सरकार ने प्रतिबंध लगाया (8)
7. रचित जाना, निर्मित होना (3)
8. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
9. अलक, जुल्फ, उर्दू का अक्षर (2)
10. स्वच्छ, निर्मल (2)
11. महिला ईसाई पादरी को यह कहा जाता है (2)
13. 14 वीं-15 वीं शताब्दी के प्रसिद्ध संत जिन्होंने धार्मिक एकता का उपदेश दिया था (3)
15. द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक ज्योतिर्लिंग मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
16. दानशील, फैयाजी, दयालु (3)
17. तन, जिस्म, काया, शरीर (3)
19. व्रत या उपपास (उर्दू)(2)
20. किसी कार्य का अपनी ओर से आरंभ (3)
22. उपवन, वाटिका, बगीचा (2)
24. शरीर पर काले रंग का गहरा दाग (2)
25. श्रृंगार, सजा, रौनक (उर्दू) (3)

**ऊपर से नीचे**

1. भारतीय संगीत में प्रयोग होने वाला एक ताल वाद्य (3)
2. देवमंदिर को यह भी कहा गया है (5)
3. किशोर कुमार की अभिनेत्री पत्नी (सिर्फ नाम)(2)
4. अरब का एक प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)
5. तह, शिकन, बल (2)
6. क्षेत्रीय (अंग्रेजी) (4)
10. सारांश, सत, कस, निचोड़ (2)
12. राजकुमार, युवराज (5)
14. मुगल सम्राट अकबर के दरबारी रत्न जिनका असली नाम महेशदास भट्ट था (4)
15. तौल की एक सूक्ष्म ईकाई जो आठ रत्ती के बराबर होती है (2)
16. पार्वती या उमा के पति होने के कारण भगवान शिव का एक नाम (4)
17. सजधज (4)
21. निदान, निष्पत्ति, निराकरण (2)
23. दुर्दशा, दुर्गति (2)

### वर्ग पहेली 5785 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | क्र | म | सा | रा | भा | ई | ■ |
| शा | म | त | ■ | के | ला | ■ | क |
| ल | ■ | ल | ■ | श | ■ | ला | मा |
| का | ति | ब | ■ | र | ह | ना | ई |
| य | ह | ■ | ब | र्मा | ■ | ■ | ■ |
| ■ | रा | ज | न | ■ | ब | ■ | रा |
| वा | ■ | ■ | फू | ल | न | दे | वी |
| ह | ल | च | ल | ■ | ना | ना | ■ |

# क्या इतिहास फिर से दोहराएगा, बस रोल रिवर्स हो जाएगा, अमेरिका -इजरायल से लड़ेगा तालिबान?

(अभिनय आकाश)

रूस पहला देश है जिसने तालिबान को मान्यता दी है। इसके बाद कहा जा रहा है कि भारत भी बड़ा कदम उठा सकता है। रूस ने न केवल अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार को मान्यता दी है बल्कि ये भी कहा है कि वो ड्रग्स एब्यूज और अफगानिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद करेगा।

महान जर्मन दार्शिक फ्रेडरिक हीगल ने एक बार कहा था- इतिहास से हमने यही सीखा कि हमने कभी इतिहास से सबक नहीं लिया। इतिहास से सबक न लेने पर क्या होता है? कहा जाता है कि इतिहास खुद को दोहराता है। सेंट्रल एशिया में अमेरिका की चाल को रूस ने झटका दे दिया है। पुतिन ने तालिबान को मान्यता दे दी है। रूस पहला देश है जिसने तालिबान को मान्यता दी है। इसके बाद कहा जा रहा है कि भारत भी बड़ा कदम उठा सकता है। रूस ने न केवल अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार को मान्यता दी है बल्कि ये भी कहा है कि वो ड्रग्स एब्यूज और अफगानिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद करेगा।

3 जुलाई को काबुल में एक मीटिंग होती है। इस मीटिंग में अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में तैनात रूसी एंबेसडर दिमेत्री जेनरोव मौजूद होते हैं। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि खुद दिमीत्री जेनरोव ने मुत्ताकी को मीटिंग के लिए बुलाया था। पोस्ट में आगे कहा गया कि मीटिंग के दौरान रूस के एंबेसडर ने आधिकारिक तौर पर ये बताया कि रूस की सरकार इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान को मान्यता देने का फैसला कर चुकी है। रूस की एजेंसी टीएएस ने तस्वीरें भी शेयर कर दी, जिसमें मॉस्को में अफगानिस्तान एबेंसी पर तालिबान का झंडा फहराया जा रहा है। मुत्ताकी ने कहा कि ये फैसला पॉजिटिव रिलेशन, साझा सम्मान और कंस्ट्रक्टिव इंगेजमेंट की दिशा में एक नया कदम है। इससे बाकी देशों को भी सीख लेनी चाहिए। मुत्ताकी ने इसे एक साहसिक कदम भी बताया। वही रूस की सरकार ने कहा है कि ये फैसला दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कॉपरेशन को बढ़ावा देगा।

**रूस ने चल दिया बड़ा गेम**-अमेरिका जिस तरह से अफगानिस्तान के साथ खेल रहा था और इसमें पाकिस्तान ने भी भरपूर साथ दिया। लेकिन काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद किसी भी देश ने इस्लामिक शासन को मान्यता नहीं दी। अब आखिर क्यों रूस ने कदम आगे बढ़ाए हैं और तालिबान को मान्यता देकर रूस कहां खेल करने की कोशिश कर रहा है। तालिबान का गठन सीआईए और आईएसआई के ज्वाइंट प्रोजेक्ट के तहत हुआ था। तालिबान के गठन का मकसद ही सोवियत फौजों को अफगानिस्तान से बाहर निकालने के लिए किया गया था। इसमें धर्म का तड़का इस्लाम के मुजाहिद बनाकर लगाया गया। जबकि वो सोवियत आर्मी से लड़ रहे थे।

## आज का राशिफल

### मेष
आज र्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन प्रभावशाली रहेगा। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं और आप उन्हें बखूबी निभाएंगे। टीम वर्क और टेक्निकल प्रॉजेक्ट्स में आपकी भूमिका सराही जाएगी। जो लोग व्यापार कर रहे हैं, उन्हें पुराने क्लाइंट्स से पुनः संपर्क करना चाहिए, तो लाभ होगा।

### वृष
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपकी प्रफेशनल छवि सुधरेगी। यदि आप मार्केटिंग, मीडिया, बैंकिंग से जुड़े हैं तो विशेष सफलता के योग हैं। अगर आप किसी इंटरव्यू या महत्वपूर्ण मीटिंग की तैयारी कर रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। परंतु कोई नया व्यवसाय या बड़ा निवेश न करें, समय अभी उपयुक्त नहीं है।

### तुला
आज करियर में थोड़ी अस्थिरता रहेगी। कार्यस्थल पर विवाद की स्थिति बन सकती है, अत: मौन रहना हितकर रहेगा। जो लोग कॉन्ट्रैक्ट या टारगेट आधारित काम में हैं उन्हें धैर्य रखना होगा। अत्यधिक मेहनत के बावजूद अपेक्षित आय नहीं होगी। अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं। विशेषकर वाहन, घर या रिश्तों से जुड़े मुद्दों पर।

### वृश्चिक
आज कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं फलित होंगी। कोई बड़ा कॉन्ट्रैक्ट साइन हो सकता है, विशेष रूप से जो लोग मैन्युफैक्चरिंग, इम्पोर्ट-एक्सपॉर्ट, लॉजिस्टिक्स या टेक्नोलॉजी में हैं। उच्चाधिकारी आपके कार्य से प्रसन्न रहेंगे। आर्थिक रूप से दिन अच्छा है। निवेश या बीमा से जुड़े कार्यों में लाभ होगा।

### मिथुन
आज दिन काफी भाग्यशाली है। बौद्धिक कार्यों, आईटी, मीडिया और कंसल्टिंग से जुड़े लोगों को विशेष सफलता मिलेगी। नई योजनाओं को लागू करने के लिए यह उत्तम समय है। यदि आप व्यवसायी हैं तो नए कॉन्ट्रैक्ट्स या विदेशी संपर्क से धन लाभ हो सकता है।

### कर्क
आज दिन तरक्की और सफलता से भरा होगा। आप साहसिक निर्णय लेने में सफल रहेंगे। उच्च पद की ओर बढ़ने के अवसर बन सकते हैं। विशेषकर जो लोग प्रशासनिक, कंस्ट्रक्शन, या गवर्नमेंट सेक्टर में हैं। व्यापारी वर्ग को किसी नए ग्राहक से बड़ी डील मिलने की संभावना है।

### धनु
आज आपके कार्यक्षेत्र में सकारात्मकता आएगी। करियर से जुड़ी नई योजनाएं बनेंगी। जो लोग शिक्षा, बैंकिंग, मैनेजमेंट या लीगल प्रोफेशन में हैं उन्हें अच्छा लाभ मिलेगा। ऑफिस में नए टास्क दिए जाएंगे जो आपको आगे बढ़ने में मदद करेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मित्र या जीवनसाथी की मदद से कोई लाभकारी आर्थिक योजना बन सकती है।

### मकर
आज कार्यक्षेत्र में अनुशासन और कार्यकुशलता का लाभ मिलेगा। जो लोग निर्माण, मशीनरी या अकाउंटिंग क्षेत्र में हैं उन्हें विशेष लाभ होगा। पुराने क्लाइंट्स से रिलेशन फिर से मजबूत हो सकते हैं। उच्च अधिकारी आपकी प्रतिभा को पहचानेंगे। आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। जायदाद या संपत्ति से जुड़ा कोई रुका हुआ कार्य आगे बढ़ सकता है।

### सिंह
आज दिन शुभ है। आपका आत्मविश्वास आपको भीड़ से अलग करेगा। करियर में कोई बड़ा बदलाव या नई शुरुआत हो सकती है। नौकरी में ट्रांसफर या प्रमोशन के योग बन रहे हैं। उच्च अधिकारियों से मुलाकात लाभकारी रहेगी। बिजनस में साझेदारों के साथ तालमेल मजबूत होगा।

### कन्या
आज कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। कोई लंबित कार्य पूर्ण हो सकता है। यदि आप सरकारी सेवा, शिक्षा या मेडिकल क्षेत्र से जुड़े हैं, तो सम्मान और उत्तरदायित्व बढ़ सकता है। व्यवसाय में थोड़ी धीमी प्रगति रहेगी लेकिन कोई पुराना ग्राहक लाभ दे सकता है।

### कुंभ
आज भाग्य साथ देगा और करियर में स्थिरता आएगी और आपकी कार्यकुशलता लोगों को प्रभावित करेगी। ऑफिस में आपकी सलाह को महत्व दिया जाएगा। आर्थिक रूप से दिन अच्छा है, कहीं से रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। साझेदारी में किया गया व्यापार फायदेमंद रहेगा। निवेश के लिए शुभ दिन है, विशेषकर कृषि भूमि या रिटायरमेंट फंड से जुड़ी योजनाएं लाभकारी सिद्ध होंगी।

### मीन
आज किस्मत साथ देगी और आपको करियर में नए अवसर मिल सकते हैं। प्रमोशन या ट्रांसफर की सूचना आ सकती है। व्यवसाय में धन लगाने से फायदा होगा। आय के नए स्रोत खुलेंगे, जिससे आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। निवेश के लिए समय अनुकूल है। विशेष रूप से म्यूचुअल फंड या एसआईपी स्कीम्स में।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा की हमेशा से फूट डालो और राज करो की नीति रही है: उद्धव ठाकरे

**मुंबई , एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी सांसद निशिकांत दुबे पर निशाना साधा। उन्होंने विवादित टिप्पणी को लेकर दुबे को लकड़बग्घा करार दिया। ठाकरे ने आरोप लगाया कि दुबे लोगों को बांटकर आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उद्धव ने भाजपा पर फूट डालो और राज करो की नीति के जरिये राजनीतिक लाभ हासिल करने का प्रयास करने का आरोप लगाया और कहा कि वह किसी भी भाषा के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन बलपूर्वक इसे थोपे जाने का विरोध करेंगे। उन्होंने विधान भवन में संवाददाताओं से कहा, भाजपा की हमेशा से फूट डालो और राज करो की नीति रही है। राजनीति की यह शैली अब अपनी प्रासंगिकता खो रही है। मैं समझ सकता हूं कि शनिवार को मुंबई में हमारी रैली की सफलता से उनकी पार्टी बेचैन है या नहीं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) द्वारा मराठी न बोलने पर एक दुकानदार की पिटाई करने पर मचे आक्रोश के बीच दुबे ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे और उनके चचेरे भाई उद्धव पर निशाना साधते हुए कथित तौर पर कहा था, पटक पटक के मारेंगे। उनके इस बयान के बाद विवाद खड़ा हो गया। गोड्डा के सांसद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हिंदी भाषी लोगों को मुंबई में मारने वाले यदि हिम्मत है तो महाराष्ट्र में उर्दू भाषियों को मार कर दिखाओ। अपने घर में तो कुत्ता भी शेर होता है? कौन कुत्ता कौन शेर खुद ही फैसला कर लो। उद्धव ने मराठी लोगों को निशाना बनाने वाली दुबे की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ऐसे 'लकड़बग्घे' राज्य में शांति और सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उनका (भाजपा नेताओं का) एकमात्र काम लोगों को भड़काना है। हम किसी भाषा के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हम किसी भी भाषा को थोपने के लिए बल प्रयोग का विरोध करते हैं। उन्होंने भाजपा के राज्य मंत्री आशीष शेलार की गैर-मराठी भाषियों के खिलाफ हालिया हिंसा की तुलना पहलगाम आतंकवादी हमले से करने के लिए आलोचना की। उद्धव ने कहा, ये लोग महाराष्ट्र और मराठी भाषा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मराठी अधिकारों के लिए आंदोलन करने वालों की तुलना आतंकवादियों से करना इस बात का सबूत है कि वे महाराष्ट्र और मराठी लोगों के खिलाफ हैं।

### पंजाब में भी नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की रेस हुई तेज

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी तमाम प्रदेशों में अपने प्रदेश अध्यक्ष बदल रही है। इसके अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए भी प्रक्रिया जारी है। इस बीच पंजाब में नया प्रदेश अध्यक्ष चुनने के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। सोमवार को भाजपा ने यहां पर वर्तमान विधायक अश्वनी शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया। वह संगठन के आंतरिक चुनावों से जुड़ी जिम्मेदारियां निभाएंगे। अश्वनी शर्मा पठानकोट से विधायक हैं। वह पंजाब में नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रखेंगे। यहां पर नया प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ की जगह लेगा। पंजाब में अश्वनी शर्मा को भाजपा का अंतरिम प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से बड़े संकेत मिले हैं। माना जा रहा है कि शर्मा ही यहां पर अगले प्रदेश अध्यक्ष होंगे। पिछले कुछ वक्त में इसी तरह की परिपाटी रही है, जिससे इन अनुमानों को बल मिल रहा है। हाल ही में जम्मू कश्मीर में इसी तरह से सत शर्मा को भाजपा को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। जबकि तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना अपने पद पर थे। बाद में सत शर्मा ही रैना की जगह प्रदेश अध्यक्ष बने। इसके अलावा महाराष्ट्र में भी यही हुआ। वहां रविंदर चव्हाण कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बने और बाद में चंद्रकांत बावनकुले की जगह ली। उधर अश्वनी शर्मा को पंजाब में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाने के कदम का स्वागत होने लगा है। रेल राज्य मंत्री और लुधियाना के पूर्व सांसद रवनीत बिट्टू ने इसका स्वात किया है।

# बिहार चुनाव के बीच ठाकरे बंधुओं ने चला मराठी दांव



**मुंबई , एजेंसी।** मराठी अस्मिता के मुद्दे पर ठाकरे बंधुओं यानी शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज के एकजुट होने से कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। बिहार विधानसभा चुनाव से लेकर बीएमसी यानी बृहन्मुंबई महानगर पालिका चुनाव समेत कई मुद्दे इसकी वजह बताए जा रहे हैं। फिलहाल, इसे लेकर कांग्रेस आलाकमान की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। खबर है कि शनिवार को मुंबई में हुए ठाकरे बंधुओं के कार्यक्रम से कांग्रेस ने दूरी बनाई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र कांग्रेस का मानना है कि ठाकरे बंधुओं का साथ आने का असर मुंबई में क्षत्र चुनाव तक सीमित होगा। खास बात है

### असमंजस्य में कांग्रेस नेता

कि कांग्रेस ऐसे हालात में मंच साझा करती नजर नहीं आना चाहती, वहीं वह शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को भी नाराज करने का जोखिम नहीं उठा सकती। अखबार से बातचीत में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता बताते हैं, वो अधूरे मन से दिया गया न्योता था। हमारे नेताओं को बुलाया गया था। एनसीपी कार्यक्रम में गई थी, लेकिन उनका अपमान किया गया। उनके नेताओं को बोलने के लिए भी नहीं बुलाया गया। ठाकरे मराठी आंदोलन का पूरा क्रेडिट लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा, यह अच्छी बात है कि हम नहीं गए, क्योंकि कांग्रेस हिंदी विरोधी आंदोलन का हिस्सा नहीं थी। अजीबोगरीब बयानों के बाद भी हमारे नेताओं ने मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया, क्योंकि उन्हें दिल्ली के निर्देशों की स्पष्ट जानकारी नहीं थी। एक नेता ने कहा, ठाकरे बंधुओं की नजर सिर्फ बीएमसी चुनाव पर है और हम वो अकेले लड़ना चाहते हैं। हमने बीएमसी चुनावों के लिए किसी से गठबंधन नहीं किया था। एक अन्य नेता ने अखबार को बताया, ठाकरे ने यह सब सिर्फ बीएमसी में सत्ता हासिल करने के लिए किया है। हमारे विधायकों का मानना है कि हमें अकेले लड़ना चाहिए। हमारे पास जो जगह है, हम उसे छोड़ नहीं सकते। जब हम (उद्धव सेना) के साथ जाते हैं, तो अल्पसंख्यक वोट बैंक शिवसेना के साथ जाता है, लेकिन शिवसेना का वोट हमें नहीं मिलता।

### कन्फ्यूज है कांग्रेस

रिपोर्ट के अनुसार, एक नेता ने कहा, यह एक जटिल स्थिति है। कांग्रेस के पास मुंबई में खास जनाधार नहीं है। हम ना ही मराठी मानूस के साथ हैं और ना ही गुजरातियों के साथ। हमारा जनाधार सिर्फ अल्पसंख्यकों में है, जो कुछ उन जगहों पर है जहां सपा और एआईएमआईएम उम्मीदवार उतारते हैं। उत्तर भारतीयों में हमारा थोड़ा जनाधार है, जो कि अगर राज के साथ हम नजर आए तो वो भी चला जाएगा। कांग्रेस के लिए बहुत ज्यादा वोट बेस बचा नहीं है। हम पूरी तरह से कन्फ्यूज हैं।

### स्टेट यूनिट से भी नाराजगी

अखबार के मुताबिक, कांग्रेस का एक बड़ा वर्ग पार्टी की स्टेट यूनिट के कामकाज से भी नाखुश है। एक नेता बताते हैं, कोई भी यहां पहल नहीं कर रहा है, क्योंकि छोटे से कार्यक्रम के लिए भी आपको दिल्ली से इजाजत लेनी पड़ती है। महाराष्ट्र पार्टी नेतृत्व इस बात को लेकर ठोस कदम नहीं उठा पा रही है कि हमें हिंदी विरोधी रुख रखना चाहिए या नहीं। ऐसे में वो बीच में अटके हैं। उन्होंने कहा, यह मराठी मुद्दा नहीं है, बल्कि हिंदी थोपे जाने का मुद्दा है। अगर पहली क्लास से हिंदी थोपी जाएगी, तो मराठी पर असर होगा। यह लॉजिक है। पार्टी के अंदरूनी सूत्र ने अखबार से कहा, हमने (हिंदी थोपे जाने के मुद्दे) पर बोला, लेकिन मनसे और शिवसेना (यूबीटी) ने लोगों को पीटने जैसा आक्रामक रुख अपनाया। उन लोगों ने इसे एकदम नजर में आने वाला बना दिया, क्योंकि मीडिया को ऐसी खबरें पसंद हैं। कांग्रेस के साथ एक परेशानी यह भी है कि दिल्ली उन्हें जय हिंद यात्रा, संविधान सम्मान सम्मेलन आदि करने के निर्देश दे रहा है, जहां सिर्फ कट्टर कांग्रेस ही शामिल होंगे। उन्होंने आगे कहा, इनमें कोई सक्रिय भागीदारी नहीं, क्योंकि जो व्यक्ति पार्टी का नहीं है, वह इन नारों से उत्साहित नहीं होता है। हमें कृषि दरें, कानून और व्यवस्था, भ्रष्टाचार जैसे लोगों के मुद्दे उठाने चाहिए। हमें सड़कों पर होना चाहिए, जरूरी नहीं है कि यह काम ठाकरे के नेतृत्व में हो।

### बिहार चुनाव

कहा जा रहा है कि बिहार चुनाव ने भी कांग्रेस की दुविधा और बढ़ा दी है, क्योंकि पार्टी राज ठाकरे के साथ नजर आई, तो इसका असर पड़ सकता है। राज को उत्तर भारतीय विरोधी और हिंदी विरोधी के तौर पर देखा जाता है। कांग्रेस के एक नेता ने अखबार से कहा, हमें हिंदी पर एक स्पष्ट निर्देश की जरूरत थी। हम खुलकर आंदोलन में सिर्फ इसलिए शामिल नहीं हुए, क्योंकि यह हिंदी विरोधी संदेश देता है। यह सेक्युलरिज्म पर बहस जैसा है। हम बहुत धर्मनिरपेक्षता की बात करते हैं और हमें मुस्लिम समर्थक के तौर पर देखा जाता है। ऐसे में जब हाईकमान से कोई निर्देश नहीं होंगे, तो हम कैसे संदेश आगे बढ़ाएंगे।

# भारत बंद की तैयारी, 25 करोड़ कर्मचारी करेंगे हड़ताल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बुधवार को बड़े स्तर पर भारत बंद की तैयारी है। अनुमान है इस बंद में बैंकिंग, इंश्योरेंस, पोस्टल सेवा समेत विभिन्न क्षेत्रों के 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी शामिल हो सकते हैं। यह हड़ताल 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने बुलाई है और इसे भारत बंद का नाम दिया है। यह भारत बंद सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी कॉरपोरेट-समर्थक नीतियों के विरोध में बुलाया गया है। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की अमरजीत कौर ने कहाकि हड़ताल में 25 करोड़ से अधिक कर्मचारियों के भाग लेने की उम्मीद है। किसान और ग्रामीण कर्मचारी भी देशभर में इस विरोध प्रदर्शन का हिस्सा बनेंगे। हिंद मजदूर सभा के हरभजन सिंह सिद्धू ने कहा कि हड़ताल के कारण बैंकिंग, डाक, कोयला खनन, कारखाने, राज्य परिवहन सेवाएं प्रभावित होंगी। भारत बंद कर रहे संगठनों ने पिछले साल श्रम मंत्री मनसुख मांडविया को 17-सूत्रीय मांगों का एक चार्टर सौंपा था। इनका कहना है कि सरकार पिछले 10 वर्षों से वार्षिक श्रम सम्मेलन का आयोजन नहीं कर रही है। यह मजदूरों-कर्मचारियों के हितों के खिलाफ फैसले ले रही है। मजदूर संगठनों के मंच ने यह आरोप भी लगाया कि आर्थिक नीतियों के कारण बेरोजगारी बढ़ रही है, जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं, मजदूरी में गिरावट आ रही है और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी नागरिक सुविधाओं में सामाजिक क्षेत्र के खर्च में कटौती हो रही है।

# मराठवाड़ा में बढ़ गए किसानों की खुदकुशी के मामले

### 6 महीने में 520 ने दे दी जान

**मराठवाड़ा, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मराठवाड़ा क्षेत्र के आठ जिलों में इस साल जनवरी महीने से 26 जून तक 520 किसानों ने आत्महत्या की है। यह संख्या पिछले साल इसी अवधि में दर्ज आत्महत्या के 430 मामलों से 20 प्रतिशत अधिक है। राज्य के राजस्व विभाग की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मध्य महाराष्ट्र क्षेत्र में बीड जिले में आत्महत्या की सर्वाधिक घटनाएं हुई जहां पहली छमाही में 126 किसानों ने अपना जीवन समाप्त कर लिया। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में जनवरी से जून के बीच मराठवाड़ा के आठ जिलों में 430 किसानों ने आत्महत्या की थी, जबकि वर्ष 2025 की समान अवधि में इस क्षेत्र के 520 किसानों ने आत्महत्या की। इस प्रकार किसानों की आत्महत्या के मामलों में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया कि जनवरी-जून 2024 के दौरान भी आत्महत्या के सर्वाधिक मामले बीड जिले में ही थे, जब 101 किसानों ने अपनी जिंदगी समाप्त कर ली। इसमें कहा गया कि इस वर्ष मुआवजा योग्य 313 मामलों में से 264 में प्रभावित परिवारों को अनुग्रह राशि दी गई है, जबकि 146 मामले पड़ताल के दायरे में हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 61 मामले मुआवजे के लिए अयोग्य पाए गए, जो पिछले साल जनवरी-जून में हुए 20 ऐसे ही मामलों से तीन गुना अधिक है। इस साल जनवरी से जून तक बीड में 126, छत्रपति संभाजीनगर में 92, नांदेड़ में 74, परभणी में 64,



धाराशिव में 63, लातूर में 38, जालना में 32 और हिंगोली में किसानों की आत्महत्या के 31 मामले सामने आए।

किसानों की खुदकुशी के मामले पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि हर किसान कर्ज में डूबा जा रहा है। कृषि की सारी सामग्री महंगी हो रही है। वहीं सरकार एमएसपी की गारंटी नहीं दे रही है। उन्होंने कहा, मोदी जी ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया थआ। लेकिन अन्नदाता का जीवन ही आधा होता जा रहा है।

# बिलासपुर में बाढ़ में फंस गए 17 ग्रामीण, 10 घंटे जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष, बची जान



**बिलासपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर संभाग में इन दिनों भारी बारिश हो रही है। बारिश से किसानों को राहत है तो कईयों के लिए आफत भी बन जा रही है। कोरबा जिले में रविवार की शाम हुई मूसलधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। मूसलाधार बारिश से कहीं बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं तो कहीं हादसे की स्थिति बन गई है। पाली ब्लॉक के ग्राम ढुकुपथरा और पोंडी के लब्दापारा में खेती करने गए 17 ग्रामीण अचानक बाढ़ के पानी में फंस गए। हालात इतने गंभीर हो गए कि जान पर बन आई। ग्रामीण घंटों अपनी जान बचाने जद्दोजहद करते रहे, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। आखिरकार 10 घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें बाढ़ से बाहर निकाल लिया गया। छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने कई जिलों में बारिश का रेट, ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना जताई है। खासकर उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में भारी बारिश हो रही है। खेती किसानी करने गए पाली ब्लॉक के ग्राम ढुकुपथरा और लब्दापारा के 17 ग्रामीण भारी बारिश से आई बाढ़ में फंस गए। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में राजस्व विभाग, थाना पाली, जिला आपदा प्रबंधन, नगर सेना कोरबा और राज्य आपदा प्रतिक्रिया टीम बिलासपुर की संयुक्त टीम ने रविवार रात को ही रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया।

### 10 घंटे तक मौत का करते रहे सामना

कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि लगातार भारी बारिश, अंधकार और तेज बहाव के बावजूद हमारी टीम ने हिम्मत नहीं हारी। आखिरकार लगभग 10 घंटे के संघर्ष के बाद सोमवार तड़के 4 बजे सभी 17 लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। ग्रामीणों को सुरक्षित देख हर किसी की आंखों में राहत थी। अपनों के आने के बाद बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के चेहरों पर सुकून देखने को मिला। जिला शासन के प्रति आभार सभी के चेहरे पर साफ नजर आ रहा था। बाढ़ के बीच 10 घंटे तक मौत का सामना कर लौटे ग्रामीणों ने बताया कि जिला प्रशासन की तत्परता ने उन्हें आज नया जीवन दिया है। पानी के तेज बहाव में ऐसा लग रहा था कि अब नहीं बचेंगे। जिला प्रशासन की चेतावनी के बाद भी अनदेखी बता दें कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर संभाग संभाग के कोरबा जिले में पिछले 24 घंटों में 260 मिमी बारिश हुई है। लगातार बारिश का दौर अब भी जारी है। जिला प्रशासन ने पहले ही भारी बारिश और बाढ़ की चेतावनी जारी की थी, जिसे मीडिया, मुनादी और अन्य माध्यमों से प्रचारित किया गया था। बावजूद इसके ग्रामीण नदी से लगे तटीय क्षेत्रों की ओर गए, जिससे यह संकट पैदा हुआ। जिला प्रशासन ने नदी किनारे रहने वालों से अपील की है कि सुरक्षित स्थानों में चले जाएं। लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं।



# आप मंत्री हैं, राजा नहीं, संवैधानिक पद पर हैं, सिंहासन पर नहीं: ओवैसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और ऑल इंडिया मजलिए-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी अल्पसंख्यकों की स्थिति के मामले पर सोशल मीडिया पर आपस में ही भिड़ गए। दरअसल, रिजिजू ने एक अखबार को दिए इंटरव्यू में जो कहा, और उस न्यूज को सोशल मीडिया एक्स पर शेयर करते हुए लिखा था कि भारत अकेला ऐसा देश है, जहां अल्पसंख्यक समुदाय को बहुसंख्यक हिन्दुओं की तुलना में ज्यादा लाभ और सुरक्षा हासिल है।

अपनी बात को और स्पष्ट करने के लिए रिजिजू ने दावा किया कि अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य पड़ोसी देशों में पलायन नहीं करते हैं। यानी भारतीय मुसलमान पाकिस्तान नहीं जाते हैं। हालांकि उन्होंने किसी समुदाय विशेष के नाम का उल्लेख नहीं किया लेकिन एआईएमआईएम सांसद ओवैसी किरेन रिजिजू के इस तर्क और बयान पर भड़क उठे। उन्होंने भी सोशल मीडिया एक्स पर लंबा पोस्ट लिखकर जवाब दिया।

**आप मंत्री हैं, राजा नहीं, ओवैसी का तंज :** ओवैसी ने अपने पोस्ट में तंज कसते हुए लिखा, किरेन रिजिजू, आप भारतीय गणराज्य के मंत्री हैं, राजा नहीं। आप संवैधानिक पद पर हैं, सिंहासन पर नहीं। अल्पसंख्यक अधिकार मौलिक अधिकार हैं, कोई दान नहीं। क्या हर दिन पाकिस्तानी, बांग्लादेशी, जिहादी या रोहिंग्या कहलाना लाभ है? क्या लिंचिंग किया जाना सुरक्षा है? क्या यह सुरक्षा है कि भारतीय नागरिकों का अपहरण कर उन्हें बांग्लादेश में धकेल दिया गया? क्या हमारे घरों, मस्जिदों और मजारों पर अवैध रूप से बुलडोजर चलाना और उसे जमींदोज होते देखना एक विशेषाधिकार है? क्या मुसलमान हिंदू बंदोबस्ती बोर्ड के सदस्य हो सकते हैं? उन्होंने आगे लिखा, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप अल्पसंख्यकों से अदृश्य बना दिया जाना? क्या भारत के प्रधानमंत्री से कम किसी और के नफरत भरे भाषणों का निशाना बनना सम्मान है? भारत के अल्पसंख्यक अब दूसरे दर्जे के नागरिक भी नहीं हैं। हम बंधक हैं। अगर आप एहसान के बारे में बात करना चाहते हैं, तो इसका जवाब दें: क्या मुसलमान हिंदू बंदोबस्ती बोर्ड के सदस्य हो सकते हैं? नहीं। लेकिन आपका वक्फ संशोधन अधिनियम गैर-मुसलमानों को वक्फ बोर्ड में शामिल करने के लिए मजबूर करता है - और उन्हें बहुमत बनाने की अनुमति देता है।

**आपकी आर्थिक नीतियों से सबसे ज्यादा अल्पसंख्यक प्रभावित :** ओवैसी ने उनके मंत्रालय के कामों पर भी निशाना साधा और लिखा, आपने मौलाना आज़ाद नेशनल फ़ेलोशिप को बंद कर दिया। आपने प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति को बंद कर दिया। आपने पोस्ट-मैट्रिक और मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति को सीमित कर दिया। यह सब इसलिए क्योंकि इससे मुस्लिम छात्रों को फ़ायदा हो रहा था। इससे आगे ओवैसी ने लिखा कि मुसलमान अब एकमात्र ऐसा समूह है जिसकी संख्या उच्च शिक्षा में घटी है। अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में उनकी उपस्थिति बढ़ गई है। वे आपकी आर्थिक नीतियों से सबसे ज़्यादा प्रभावित हुए हैं। यह आपकी अपनी सरकार का डेटा है। ओवैसी ने ये भी लिखा कि भारतीय मुसलमान एकमात्र ऐसा समूह है जिसके बच्चे अब अपने माता-पिता या दादा-दादी से भी बदतर स्थिति में हैं। पीढ़ीगत गतिशीलता अंतर अब उलट गई है।

उन्होंने कहा, मुस्लिम-केंद्रित क्षेत्र सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और बुनियादी सेवाओं से सबसे ज़्यादा वंचित हैं। हम दूसरे देशों के अल्पसंख्यकों से तुलना करने के लिए नहीं कह रहे हैं और ना ही हम बहुसंख्यक समुदाय को मिलने वाली राशि से ज़्यादा की माँग नहीं कर रहे हैं। हम तो संविधान में दिए गए वादे के मुताबिक सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की माँग कर रहे हैं।

# भाषा विवाद के बीच आरएसएस का बड़ा बयान- मातृभाषा में ही होनी चाहिए शुरुआती शिक्षा




**नागपुर, एजेंसी।** देश में चल रहे भाषा विवाद के बीच आरएसएस का बड़ा बयान सामने आया है। दिल्ली में तीन दिन की भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा, भारत की सभी भाषाएं राष्ट्र भाषाएं हैं, और संघ का मानना है कि प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए। महाराष्ट्र और तमिलनाडु में हिंदी को लेकर चल रहे विवाद के बीच आरएसएस के इस बयान को अहम माना जा रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत भारत सरकार ने हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में शामिल करने की बात कही थी। महाराष्ट्र सरकार ने इसको लेकर आदेश भी जारी कर दिया था। हालांकि विवाद के बाद फडणवीस की सरकार ने अपने दोनों आदेश वापस ले लिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सोमवार को कहा कि उनके कार्यकर्ता हिंसाग्रस्त मणिपुर में लोगों के साथ मिल कर शांति के लिए काम कर रहे और अब स्थिति सुधर रही है। संगठन का कहना है कि वहां हालात सामान्य होने में अभी कुछ समय लगेगा।

आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने यहां कहा, मणिपुर में हालात सामान्य करने के लिए हमारे कार्यकर्ता वहां लोगों के साथ काम कर रहे हैं, लोगों से लगातार संवाद कर रहे हैं। वे कुक्की और मैतेई समुदाय सहित समाज के सभी वर्गों के साथ संपर्क में हैं और उन्होंने (वहां की स्थिति के बारे में) जो जानकारी दी है, वह अच्छी है। आंबेकर राजधानी में तीन दिनों तक चल प्रांत प्रचार प्रमुखों की बैठक के अंत में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि संघ एक सामाजिक संगठन है जो देश की प्रगति और समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए काम करता है। उन्होंने बताया कि प्रांत प्रचारकों की बैठक में तीन प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुयी है जिसमें मणिपुर की स्थित का विषय भी था। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने पहलगाम हमले बाद आंतकवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिन्दूर पर भी बैठक में अपने विचार रखे। बीते तीन दिनों से दिल्ली के केशवकुंज में आरएसएस की प्रांत प्रचारक बैठक चल रही थी।

### शताब्दी वर्ष पर संघ की बड़ी योजना

सुनील आंबेकर ने बताया कि प्रांत प्रचारक बैठक में शताब्दी वर्ष की योजना को लेकर चर्चा हुई। शताब्दी वर्ष के दौरान समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से ग्रामीण क्षेत्रों में मंडल और शहरी क्षेत्रों में बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान में देश में संघ रचना से 58964 मंडल, 44055 बस्तियां हैं। हिन्दू सम्मेलनों में समाज के उत्सवों, सामाजिक एकता व सद्भाव, पंच परिवर्तन के विषयों पर चर्चा होगी। इसी प्रकार समाज में सद्भाव-समरसता को बढ़ावा देने के लिए 11360 खंडों/नगरों में सामाजिक सद्भाव बैठकों का आयोजन होगा। संघ रचना के अनुसार देश के 924 जिलों में प्रमुख नागरिक गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। समूह, व्यवसाय, वर्ग के अनुसार गोष्ठियों में भारत के विचार, भारत के गौरव, भारत के स्व आदि विषयों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि वृहद गृह संपर्क अभियान के तहत हर गांव, हर बस्ती के अधिकतम घरों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों का उद्देश्य व्यापक आउटरीच है, भौगोलिक, सामाजिक दृष्टि से समाज के सभी लोगों तक जाना और सभी कार्यों में उनकी सहभागिता हो। यह अभियान एक तरह से सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी होगा। विजयादशमी उत्सव से शताब्दी वर्ष का शुभारंभ होगा। देशभर में आयोजित विजयादशमी उत्सवों में सभी स्वयंसेवक शामिल होंगे। आंबेकर ने बताया कि अप्रैल से जून तक देश भर में 100 प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया गया। 40 वर्ष से कम आयु वर्ग के स्वयंसेवकों के लिए आयोजित 75 वर्गों में 17609 स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी प्रकार 40 से 60 वर्ष की आयु के लिए आयोजित 25 वर्गों में 4270 शिक्षार्थियों ने भाग लिया। इन प्रशिक्षण वर्गों में देश के 8812 स्थानों से स्वयंसेवकों की सहभागिता रही। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि लालच, जबरदस्ती, मजबूरी का लाभ उठाकर, और षड्यंत्र करके कन्वर्जन करना गलत है।

# यूथ वनडे- इंग्लैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया

## वैभव सूर्यवंशी 33 रन ही बना सके; सीरीज 3-2 से भारत ने जीती

**वॉर्सेस्ट (एजेंसी)।** भारतीय अंडर-19 टीम इंग्लैंड के खिलाफ यूथ वनडे सीरीज का 5वां मैच 7 विकेट से हार गई है। हालांकि, इस हार के बावजूद टीम इंडिया ने 5 मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली है।सोमवार को भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन बनाए। 211 रन का टारगेट इंग्लैंड ने 113 बॉल शेष रहते हुए आसानी से हासिल कर लिया।

**भारत की खराब शुरुआत, कप्तान आयुष एक रन ही बना सके** - भारत की शुरुआत खराब रही। टीम ने 9 रन के स्कोर पर कप्तान आयुष म्हात्रे (1 रन) और विहान मल्होत्रा (1 रन ) के विकेट गंवा दिए। वैभव सूर्यवंशी (42 गेंदों में 33 रन) भी ज्यादा देर तक टिक नहीं सके। वैभव ने राहुल कुमार (21) के साथ मिलकर 51 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाला।



यह साझेदारी खतरनाक होती उससे पहले ही सूर्यवंशी तीन चौके और दो छक्के लगाने के बाद सेबस्टियन मॉर्गन की गेंद पर एलेक्स ग्रीन को कैच देकर आउट हो गए। राहुल कुमार भी ज्यादा देर टिक नहीं पाए और ग्रीन की गेंद पर बीजे डॉकिन्स को कैच थमा बैठे। विकेटकीपर हरवंश पंगालिया (24 रन), कनिष्क चौहान (24 रन) और दीपेश देवेंद्रन शून्य के स्कोर पर आउट हुए।

### बेन मेयर ने नाबाद 82 रन बनाए

इंग्लैंड ने बेन मेयस के नाबाद 82 रन, बीजे डॉकिन्स के 66 रन और कप्तान थॉमस रेव के 37 गेंदों में नाबाद 49 रनों की मदद से लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। मेयस ने अपनी 76 गेंदों की पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया, जबकि डॉकिन्स ने अपनी 53 गेंदों की पारी में नौ चौके और तीन छक्के जड़े। भारत के लिए लेग-स्पिनर नमन पुष्पक ने 65 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि दीपेश देवेंद्रन ने अपने सात ओवरों में 34 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

# भारतीय तेज गेंदबाज यश दयाल पर लगे गंभीर आरोप, दर्ज हुआ यौन शोषण का मामला

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और उत्तर प्रदेश के तेज गेंदबाज यश दयाल पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत यौन शोषण, शारीरिक हिंसा, मानसिक उत्पीड़न और



शादी का झूठा वादा कर धोखाधड़ी करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। गाजियाबाद की एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में दयाल के साथ उसके पांच साल के रिश्ते का जिक्र है। उसके अनुसार क्रिकेटर ने उसे गुमराह करके यह विश्वास दिलाया कि वह उनसे शादी करेंगे और यहां तक कि उसे अपने परिवार से भी मिलवाया, जिन्होंने कथित तौर पर उसे अपनी 'बहू' के रूप में स्वीकार कर लिया। उसका दावा है कि इस कृत्य ने उसके विश्वास को और गहरा कर दिया और वह भावनात्मक रूप से कमजोर हो गई। एफआईआर में लिखा है, 'पिछले पांच सालों से शिकायतकर्ता क्रिकेटर के साथ रिलेशनशिप में थी। उसने शादी का झूठा वादा करके उसका भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक शोषण किया। धोखे का एहसास होने पर उसने विरोध किया, जिसके बाद उसे शारीरिक हिंसा और मानसिक शोषण का सामना करना पड़ा।

### आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में

# नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर दीप्ति शर्मा

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्टीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और इस तरह से अपने करियर में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर खड़ी हैं। दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकतर समय टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद वह कभी नंबर एक गेंदबाज नहीं बन पाई।



टी20 अंतरराष्टीय रैंकिंग के नए अपडेट में दीप्ति को एक स्थान का फायदा हुआ है और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे है। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी नवीनतम रैंकिंग में सुधार किया है और यह ऑफ स्पिनर अंतिम दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है।

भारत की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद 11 स्थान की छलांग लगाकर टी20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं। बल्लेबाजों में जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गई। उन्होंने ब्रिस्टल में श्रृंखला के दूसरे मैच में अर्धशतक जमाया था।



# जोकोविच 16वीं बार विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

## ऑस्ट्रेलिया के मिनॉर को हराया, भारत के युकी-गैलोवे की जोड़ी मेंस डबल्स से बाहर

**सर्बिया (एजेंसी)।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच विम्बलडन-2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने सोमवार रात को राउंड ऑफ 16 मैच में ऑस्ट्रेलिया के 11वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनॉर को 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। 38 साल के जोकोविच ने 16वीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। अब उनका मुकाबला इटैलियन स्टार फ्लावियो कोबोली से होगा। जोकोविच के अलावा, अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज, रूस के कारेन खचानोव, ब्रिटेन के कैमरून नोरी और स्पेन के कार्लोस अल्काराज भी टॉप-8 में पहुंच गए हैं। विमेंस कैटेगरी में वर्ल्ड नंबर-1 एरिना सबालेंका, जर्मनी की लौरा सीजमंद, अमेरिका की अमांडा एनिसीमोव, स्विटजरलैंड की बेलिंडा बेनसिच, रूस की लुडमिला सैमसोनोवा भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। साथ ही भारत के युकी भांबरी को उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे के साथ मेंस डबल्स कैटेगरी में स्पेन के मार्सेल ग्रानोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस के खिलाफ कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

### टेलर फिट्ज को वॉकओवर मिला

मेंस सिंगल्स के में वर्ल्ड नंबर-5 अमेरिका के टेलर फिट्ज को ऑस्ट्रेलिया को जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ वॉकओवर मिल गया। वॉकओवर के वक्त फिट्ज 6-1, 3-0 से आगे थे। वहीं दूसरे मुकाबले में रूस के कैरेन खाचनोव ने पोलैंड के कामिल माजरेक को 6-4, 6-2, 6-3 से हरा दिया। ब्रिटेन के कैमरून नोरी ने चिली के निकोलस जैरी 6-3, 7-6, 6-7, 6-7, 6-3 से और स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने आंद्रे रुबलेव को 6-7, 6-3, 6-4, 6-4 से हराते हुए टॉप-8 में प्रवेश किया।

### सबालेंका ने मर्टेंस को सीधे सेट में हराया

वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका ने मर्टेंस को 6-4, 7-6(7-4) के अंतर से हरा दिया। जर्मनी की लौरा सीजमंद ने अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा को 6-3, 6-2 से हराया। अमेरिका की अमांडा एनिसीमोव ने चेक रिपब्लिक की लिंडा नोस्कोवा को 6-2, 5-7, 6-4 से हराया। स्विटजरलैंड की बेलिंडा बेनसिच ने एकटरीना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6, 6-4 से और रूस की लुडमिला सैमसोनोवा ने स्पेन की जेसिका बूजास मानेरो को 7-5, 7-5 से हराया।

### मेंस डबल्स में भारत के यूकी भांबरी हारे

भारत के युकी और गैलोवे की 16वीं वरीय जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी, लेकिन नतीजा पक्ष में नहीं रहा। इस जोड़ी को दो घंटे नौ मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-7(10) से हार मिली। युकी के बाहर होने के साथ विम्बलडन में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। इससे पहले, अर्जेंटीना के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। दोनों की नंबर-1 जोड़ी ने चेक रिपब्लिक के पैट्रिक रिकल और पीटर नौजा की जोड़ी को 7-5, 7-6(15-13) के अंतर से हराया। वर्ल्ड नंबर-3 जर्मनी के टिम पुटज और केविन क्राविट्ज की जोड़ी को भी उलटफेर का शिकार होना पड़ा। दोनों को ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजीकाता और नीदरलैंड के डेविड पेल की जोड़ी ने 6-2, 6-4 से हरा दिया।

# कोहली बोले- वर्ल्डकप जैसे दबाव में खेलते हैं टेनिस खिलाड़ी

## प्लेयर्स की मानसिक मजबूती काबिल-ए-तारीफ, जोकोविच का मैच देखने गए थे

**लंदन (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टेनिस खिलाड़ियों की मानसिक ताकत की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि टेनिस खिलाड़ी जिस



तरह हर हफ्ते दबाव में खेलते हैं, वह भारत के वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले या नॉकआउट मैचों के दबाव जैसा होता है। विंबलडन देखने लंदन पहुंचे कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ थे और उन्होंने पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज से बातचीत में ये बातें कहीं।

**टेनिस प्लेयर में दबाव अच्छे से हैंडल करते हैं** -विराट कोहली ने मैच के बाद इंटरव्यू में कहा, जब हम वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हैं या सेमीफाइनल-फाइनल जैसे बड़े मैच होते हैं, तो पैरों में कांप महसूस होती है। लेकिन टेनिस खिलाड़ी शायद क्वार्टरफाइनल से लेकर फाइनल तक हर मैच में ऐसा दबाव झेलते हैं।

### क्रिकेट और टेनिस में अंतर

कोहली ने बताया कि क्रिकेट और टेनिस दोनों के अपने-अपने चैलेंज होते हैं। क्रिकेट में कभी-कभी बहुत देर तक इंतजार करना पड़ता है कि आपकी बल्लेबाजी कब आएगी। वहीं टेनिस में आपको पता होता है कि किस समय मैच है और कब कोर्ट में उतरना है। उन्होंने कहा कि टेनिस में खिलाड़ी के पास वापसी का मौका होता है, लेकिन क्रिकेट में एक गलती पूरे मैच से बाहर कर सकती है।

### नोवाक जोकोविच को लेकर उम्मीद

कोहली ने कहा कि वो नोवाक जोकोविच के संपर्क में रहते हैं और चाहते हैं कि वह इस बार विंबलडन जीतकर 25वां ग्रैंड स्लैम हासिल करें। उन्होंने कहा, मेरा सपना है कि फाइनल में जोकोविच और कार्लोस अल्काराज आमने-सामने हों और जोकोविच खिताब जीतें। वो इसे डिजर्व करते हैं और लहझ (ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम) बहस में सबसे ऊपर हैं।

# जोफ्रा आर्चर खिलाना ही होगा, यह बहुत महत्वपूर्ण मैच है

## लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट से पहले बोले एंडरसन

**लंदन (यूके), एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि इंग्लैंड को भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के आगामी तीसरे टेस्ट में अनुभवी खिलाड़ी जोफ्रा आर्चर को खिलाना चाहिए, जो गुरुवार 10 जुलाई से प्रतिष्ठित लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जाएगा। आर्चर ने चार साल से अधिक समय से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन हाल ही में बर्मिंघम में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल होने से पहले ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी स्तर पर लाल गेंद से वापसी की।

इंग्लैंड को एजबेस्टन में भारत के खिलाफ 336 रनों से हार का सामना करना पड़ा जिससे पांच मैचों की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई है। एंडरसन का मानना है कि आर्चर को गुरुवार को लॉर्ड्स में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में खेलना चाहिए। एंडरसन ने आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा, आप उनके ओवरों को बढ़ाने की कोशिश कर सकते हैं और उन्हें श्रृंखला में बाद में खिला सकते हैं, लेकिन तब तक बहुत देर हो सकती है। मुझे लगता है कि वह खेलेंगे। उन्होंने ससेक्स के लिए एक मैच खेला; वह एजबेस्टन में टीम के साथ थे और थोड़ी गेंदबाजी भी की। मुझे लगता है कि आपको उन्हें खिलाना ही होगा। यह बहुत महत्वपूर्ण मैच है।

इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम आर्चर की वापसी की गारंटी देने से चूक गए, लेकिन उन्होंने कहा कि दाएं हाथ का यह लंबा गेंदबाज फिट है और चयन के लिए उपलब्ध है। उन्होंने



कहा, %जोफ्रा फिट दिख रहे हैं, वे मजबूत दिख रहे हैं, वे खेलने के लिए तैयार दिख रहे हैं और वे सभी की नजर में आएंगे। यह बेहद रोमांचक है। वे भी उत्साहित हैं। वे अपनी चोटों और टेस्ट क्रिकेट से बाहर रहने के दौर से गुजरे हैं। हम सभी जानते हैं कि वे टेस्ट क्रिकेट में क्या हासिल कर सकते हैं और हमें उम्मीद है कि जब उन्हें मौका मिलेगा, तो वे अपनी पुरानी उपलब्धियों को फिर से हासिल कर पाएंगे और खेल के उस रूप में जो उन्होंने पहले से किया है, उसमें सुधार भी कर पाएंगे।

आर्चर का संभावित समावेश ही एकमात्र बदलाव नहीं है जिस पर इंग्लैंड लॉर्ड्स टेस्ट के लिए अपने लाइन-अप पर विचार कर रहा है, साथी तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और बैक-अप बल्लेबाज जैकब बेथेल भी क्रिकेट के घर में होने वाले इस महत्वपूर्ण मुकाबले की दौड़ में हैं। बेथेल ने अपने नाम केवल तीन टेस्ट मैच किए हैं, जिसमें उनका सबसे हालिया मैच पिछले साल के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ था, जबकि एटकिंसन ने मई में नॉटिंघम में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है।

बेथेल के शामिल होने से इंग्लैंड को एक और मौका मिलेगा। एक और स्पिन विकल्प के साथ मैकुलम ने कहा कि वह पहली पसंद के स्पिनर शोएब बशीर की जगह ङ्खद्ग में नहीं लेंगे। मैकुलम ने बेथेल के बारे में कहा, वह एक बल्लेबाजी विकल्प है। अगर कुछ होता है तो वह अगला खिलाड़ी है। वह अपनी गेंदबाजी में सुधार करना चाहता है ताकि वह स्पष्ट रूप से बल्ले और गेंद दोनों से खेल को प्रभावित कर सके। यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे हम सामरिक दृष्टिकोण से करने पर विचार करेंगे।

### तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, सैम कुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

# वोक्स का सर्वश्रेष्ठ बीत चुका है, क्रॉली में सीखने की क्षमता नहीं, दूसरे टेस्ट में हार के बाद भड़के पूर्व कप्तान

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट ने क्रिस वोक्स और जैक क्रॉली की भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के पहले दो मैच में खराब प्रदर्शन के लिए कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ समय भी चुका है जबकि सलामी बल्लेबाज में अपनी गलतियों से सीखने की क्षमता नहीं है। वोक्स ने अभी तक 59 टेस्ट मैच खेले हैं और वह इंग्लैंड के आक्रमण में सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। इस तेज गेंदबाज ने दो मैचों में 82 ओवर फेंके और 290 रन देकर केवल तीन विकेट लिए। उन्होंने जिन तीन पारियों में बल्लेबाजी की, उनमें उन्होंने 50 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 38 रन है।



बॉयकॉट ने अपने कॉलम में लिखा, 'जब खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ समय बीत जाता है तो वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता और ऐसे खिलाड़ियों को टीम में रखने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। क्रिस वोक्स को देखिए। उम्र बढ़ने के साथ-साथ उनकी गति कम होती जा रही है, जैसा कि आप उम्मीद कर सकते हैं। वह विदेश में कभी भी विकेट लेने वाले गेंदबाज नहीं रहे हैं, जहां उनका रिकॉर्ड खराब है। इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और जब बल्लेबाज विफल रहते हैं तो उनसे रन बनाने की उम्मीद की जाती है लेकिन उनका मुख्य कौशल गेंदबाजी है और उनका काम विकेट लेना है।

# पृथ्वी शॉ महाराष्ट्र के साथ नई शुरूआत करेंगे, 2025-26 सत्र से पहले टीम से जुड़े

**मुंबई ।** भारतीय बल्लेबाज और मुंबई के पूर्व खिलाड़ी पृथ्वी शॉ आगामी घरेलू सत्र के लिए महाराष्ट्र की टीम के साथ जुड़ गए। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने इसकी घोषणा की। शॉ ने किसी और राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए पिछले महीने मुंबई क्रिकेट संघ से अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की थी, जिस पर उसकी संचालन समिति ने मुहर लगा दी थी। शॉ को खराब फिटनेस और अनुशासन संबंधी मुद्दों के कारण मुंबई की लाल गेंद टीम से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने मुंबई के लिए अपना पिछला मैच मध्य प्रदेश के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के फाइनल में खेला था। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और भारतीय टीम के शीर्ष क्रम के आक्रामक बल्लेबाज पृथ्वी शॉ आधिकारिक तौर पर मुंबई क्रिकेट संघ से अलग हो गए हैं ।

# पिता और भाई की मौत से टूट गए थे आकाश दीप, बड़ी बहन के योगदान ने बनाया मैच विजेता क्रिकेटर

**कोलकाता, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन मैदान पर खेले गए टेस्ट मैच के भारतीय नायक आकाश दीप के क्रिकेटर बनने में उनकी बहन अखंड ज्योति का बड़ा योगदान रहा है जो खुद अब कोलोन कैंसर के तीसरे चरण से जूझ रही हैं। आकाश दीप ने 2015 में छह महीने के अंतराल में अपने पिता रामजी सिंह और अपने सबसे बड़े भाई को खो दिया था तब उनके क्रिकेट करियर पर संकट छा गया था। निराशा के उस क्षण में अखंड ज्योति ने अपने सबसे छोटे भाई के सपने को पूरा करने के लिए लगातार प्रेरित किया। उस समय उनकी बहन ने कहा था, इसी फील्ड (क्षेत्र) में आगे बढ़े।

इस वाक्ये के कई साल के बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 10 विकेट लेकर भारत की ऐतिहासिक जीत की नींव रखी। इस तेज गेंदबाज ने अपने प्रदर्शन को मैच के बाद भावुक होकर अपनी बहन को समर्पित किया। आकाश दीप ने मैच की पहली पारी में 88 रन देकर चार विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 99 रन देकर छह विकेट लेकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनके इस प्रदर्शन से भारत ने 336 रन की जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर किया।

आकाश दीप के इस प्रदर्शन के पीछे एक भावुक कहानी छिपी है। अखंड ज्योति 14 मई को कोलन कैंसर की सर्जरी करवाने के बाद अब कीमोथेरेपी पर हैं। ज्योति के पति नितेश कुमार सिंह सेना से रिटायर हैं और अब बैंक में काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया, यह पूरे परिवार के लिए गर्व की बात है। पिता की मृत्यु के बाद आकाश दिल्ली में क्लब क्रिकेट खेल रहे थे लेकिन उन्हें वह सफलता नहीं मिल रही थी। यह ज्योति ही थीं जिन्होंने उनसे कहा, इसे गंभीरता से लो। अगर जरूरत पड़े तो कहीं और जाओ और इस सपने को पूरा करो।

उन्होंने कहा, वह 2017 में कोलकाता चले गए और फिर बंगाल अंडर-23 के लिए चुने गए। उन्होंने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। यहीं से उनकी जिंदगी शुरू हुई। परिवार ने आर्थिक तंगी के बावजूद कभी आकाश दीप



पर भरोसा करना कम नहीं किया। ज्योति आकाश दीप से 10 साल बड़ी है। पिता तथा भाई की मौत के बाद आकाश का अपनी बहन के साथ रिश्ता और भी गहरा हो गया। नितेश ने कहा, वे सब कुछ साझा करते हैं। बात चाहे कोई फैसला लेने की हो, चुटकुले हो या ताने मारना हो। वे हमेशा एक-दूसरे को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं।

कीमोथेरेपी के दौरान भी अखंड ज्योति ने सुनिश्चित किया कि उसका भाई खेल पर ध्यान केंद्रित रखे। इंग्लैंड दौरे से पहले परिवार आकाश को छोड़ने के लिए हवाई अड्डे गया जहां उसकी बहन ने उससे कहा कि वह उसके स्वास्थ्य के बारे में चिंता न करे और देश के लिए अच्छा खेलने पर ध्यान केंद्रित करे। उन्होंने बताया कि वह हर दिन अपने भाई से बात करती है। सिंह ने कहा, 'मैच खत्म होने के तुरंत बाद आकाश दीप का फोन आया और उन्होंने उससे वीडियो कॉल पर बात की। हम कल रात लगभग दो बजे सोए। नितेश ने कहा कि जब भी आकाश विकेट लेता है तो ज्योति को बहुत खुशी होती है और परिवार इतनी जोर से ताली बजाता है और खुशी मनाता है कि उनके पड़ोसी भी पूछते हैं कि क्या हुआ है।

आकाश दीप ने अपनी बहन के साथ अपने पैतृक गांव और जिले को भी खुशी मनाने का मौका दिया। उन्होंने अपने चचेरे भाई बैभव कुमार के साथ सासाराम में आकाश बैभव क्रिकेट अकादमी की स्थापना की। इस अकादमी में अभी 200 से अधिक खिलाड़ी प्रशिक्षण लेते है। बैभव ने कहा, इतने सारे संघर्षों को देखने के बाद आकाश हमेशा समाज को कुछ वापस देना चाहता था। हमारी अकादमी में सभी सुविधाएं (बॉलिंग मशीन, फ्लडलाइट्स, नेट) हैं। हम बहुत कम कीमत पर यह सुविधाएं मुहैया कराते है ताकि मध्यम और निम्न आय वाले परिवारों के बच्चों को भी अपने सपने को साकार करने का मौका मिले। उनके गांव बद्दी में मैच के बाद से जश्न जारी है। बैभव ने कहा, हम नाच रहे हैं, मिठाइयां बांट रहे हैं। यह यहां बहुत से लोगों को प्रेरित करेगा।

# जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर मुखर्जी की जयंती पर पूरे जिले के 931 बूथों पर किया गया स्मरण

## कश्मीर में धारा 370 हटाने का सपना डॉक्टर मुखर्जी ने देखा और उसे मोदी जी ने पूरा किया : बृजेंद्र



**पन्ना।** भाजपा के पितृ पुरुष, जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर 6 जुलाई रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के 19 मंडलों के 931 बूथों पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई।

साथ ही संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण भी किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार,भाजपा जिला अध्यक्ष श्री बृजेंद्र मिश्रा के द्वारा जिले के अमानगंज मंडल में भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पौधारोपण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी के विचार हमें राष्ट्र सेवा की भावना और संगठन निर्माण के संकल्प की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी ने जनसंघ के रूप में जो बीज लगाया था,वह आज भाजपा के रूप में फलदार वृक्ष बन गया है,जिसकी छाया में भाजपा कार्यकर्ता जन सेवा और राष्ट्र निर्माण में लगे हुए हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी ने भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी , डॉ मुखर्जी ने जन संघ की स्थापना की तथा डॉक्टर मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर के लिए एक देश में एक विधान एक निशान एक प्रधान की मांग की। आज हम डॉक्टर साहब मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं उनके योगदान को याद करते हैं कार्यक्रम की प्रस्तावना मंडल अध्यक्ष श्री प्रशांत चतुर्वेदी ने रखी। और आभार प्रदर्शन दीपक यादव ने किया इस दौरान भाजपा नगर मंडल पन्ना द्वारा स्थानीय भाजपा कार्यालय में डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया गया। साथ ही संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष श्री सुशील त्रिपाठी ने एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉक्टर मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हैं कहा कि डॉ मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था डॉ मुखर्जी ने शिक्षा कोलकाता विश्वविद्यालय से प्राप्त की और बाद में भी लंदन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बने डॉ मुख़र्जी महान नेता शिक्षाविद देशभक्त थे भारतीय राजनीति में उन्होंने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री त्रिपाठी ने कहा कि इतिहास उनके समर्पण बलिदान को हमेशा याद करेगा जिनमें त्याग के कारण आज हम कश्मीर में स्वच्छंद होकर घूम पाते हैं श्री मुखर्जी के जन्म जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। अमानगंज मंडल के कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री जयप्रकाश चतुर्वेदी संजय तिवारी जी लल्लू लाल रावत अंगद प्रजापति जी मस्तराम राजपूत जी राजू चौबे जी लखन लाल तिवारी जी चंद्रशेखर मिश्रा जी विजय सोनी जी कमल जैन जी प्रदीप अवस्थी जी राजा प्रजापति जी भूपेंद्र सिंह परमार बारे राजा आनंद सिंह राजपूत राजदीप गोस्वामी बाला प्रसाद यादव त्रिलोक सिंह यादव कीर्ति भान सिंह श्री घमंडी चौधरी दीपेन चौबे पंकज परोहा कौशल बागड़ी जितेंद्र यादव सत्यम पांडे रजनीश तिवारी बृजेश सिंह राजपूत संतोष सोनी जगदीश लोधी अमित चांदपुरिया नीरज बड़ेरिया सत्यम सेन भगवान सिंह दादू राजा दिलीप पांडे हीरा सिंह यादव प्रमोद अहिरवार, कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री दीपक यादव द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का आभार उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी बंटी जी द्वारा किया गया।

# लक्ष्मीपुर देवेंद्र नगर मार्ग की हालत बदतर

## प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियों द्वारा नहीं कराया जा रहा रिपेयरिंग का कार्य





**पन्ना।** पन्ना विकासखंड अंतर्गत लक्ष्मीपुर से देवेंद्र नगर बड़ागांव रेस्ट हाउस तक लगभग 15 किलोमीटर सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत किया गया था जिसमें विभाग द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए गए थे तथा 5 वर्ष तक की गारंटी भी रही है एवं रिपेयरिंग का कार्य भी विभाग को करना था लेकिन वर्तमान समय में विभाग द्वारा रिपेयरिंग का कार्य नहीं किया गया बारिश होते ही पूरी सड़क में भारी-भारी गड्ढे हो गए है जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है गौर तलब है कि उक्त सड़क की क्षमता 20 टन तक की है लेकिन रेट तथा जानवरों एवं अन्य चीजों से भरे हुए भारी वाहनों के निकलने से सड़क की हालत खराब हो गई है नियम अनुसार प्रत्येक वर्ष बरसा पूर्व रिपेयरिंग होना चाहिए लेकिन विभाग द्वारा रिपेयरिंग नहीं की गई जिससे इस प्रकार की हालत बन गई है 5 वर्ष पूर्व उक्त सड़क पर जिला प्रशासन के निर्देश पर भारी वाहनों को निकालने के लिए बेरियल भी लगाए गए थे लेकिन कुछ दिन बाद उक्त बैरियर हटा दिए गए जिससे सड़क की हालत खराब है उक्त मामले को लेकर विभाग के अधिकारी भी गोल-गोल जवाब दे रहे हैं।। इनका कहना है उक्त सड़क लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दी गई है उन्हीं के द्वारा रिपेयरिंग तथा अन्य कार्य किया जाएगा। दिवाकर चौरसिया महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना पन्ना।। अभी उक्त सड़क हमारे विभाग को हस्तांतरित नहीं हुई है और ना ही शासन द्वारा कोई निर्देश प्राप्त हुए हैं प्रधानमंत्री सड़क योजना वाले ही उक्त सड़क की रिपेयरिंग करेंगे जेपी सोनकर कार्य पालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जिला पन्ना।

## ग्राम भाटिया में भी निकले ताजिया

**पन्ना।** पूरे जिले में मातम का त्यौहार ताजिया निकल गए इसी कड़ी में गुनौर तहसील अंतर्गत सालेह के ग्राम भाटिया में भी शांतिपूर्ण ढंग से ताजिया निकल गए उक्त कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे से प्रारंभ हुआ तथा रात्रि 8:00 बजे समापन किया गया ताजिया मस्जिद के दरवाजे से प्रारंभ हुई तथा पूरे ग्राम में घूमते हुए विसर्जित किए गए।

# लक्ष्मीपुर की शासकीय जमीन पर अवैध रूप से की जा रही खेती

## तहसील कार्यालय द्वारा आखिर क्यों नहीं की जा रही नीलामी

**पन्ना।** पन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में 35 एकड़ शासकीय जमीन पड़ी हुई है जिसका आराजी नंबर 469/2 एवं 495 कुल रकवा 14 हैकटेयर हैजिसकी पूर्व में प्रत्येक वर्ष नीलामी होती थी तथा उक्त जमीन से होने वाली लगभग 1 लाख की राशि बाकायदा धर्मार्थ शाखा में जमा होती थी पूर्व में नवीन चंद्र दीवान पिता शमशेर चंद दीवान उक्त जमीन को नीलामी में लिए हुए थे ।लेकिन विगत 5 वर्ष से उक्त नीलामी बंद हो गई है तथा बिना नीलामी के कुछ लोग तहसीलदार से सांठ गांठ कर खेती कर रहे हैं जिससे शासन के राजस्व की प्रत्येक वर्ष 1 लाख से अधिक की चोरी हो रही है। तथा तहसीलदार द्वारा नीलामी नहीं कराई जा रही है स्थानीय लोगों ने अनेकों बार आवेदन भी दिए हैं उक्त मामले को लेकर ग्रामीण द्वारा तथा अरविंद यादव द्वारा कलेक्टर पन्ना को फिर से आवेदन देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

# जिला अस्पताल में नर्सों की मनमानी, मरीज से करती हैं अभद्रता





**पन्ना।** जिला चिकित्सालय पन्ना में सिविल सर्जन का कोई नियंत्रण नहीं है जिससे अस्पताल में पदस्थ नर्सों द्वारा मरीज के साथ अभद्रता एवं मनमानी की जाती है इस प्रकार की शिकायत है आम बात हो गई हैं कोई भी मरीज इलाज के लिए आता है तो उससे नर्स सीधे बात नहीं करती हैं कुछ भी पूछने पर अभद्रता करती हैं इसी प्रकार का मामला सामने आया है एक व्यक्ति छोटू पांडे जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर में इंजेक्शन लगवाने के लिए गया था जिसके साथ ट्रामा सेंटर में पदस्थ नर्स सरिता पटेल द्वारा अभद्रता की गई तथा इंजेक्शन भी नहीं लगाया इस प्रकार की घटनाएं आम होती जा रही हैं जहां एकओर जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की मनमानी की शिकायतआम हो गई है वहीं दूसरी ओर नर्सों द्वारा भी आम लोगों के साथ लापरवाही एवं अभद्रता की जा रही है जिले के बड़े प्रशासनिक अधिकारियों को संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

# पुलिस ने रैपुरा थाना क्षेत्र से खाद्यान चोरी करने वाले दो आरोपी को किया गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से 04 क्विंटल 50किलो चना एवं घटना मे प्रयुक्त साइकिल जप्त



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री सांई कृष्ण एस थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रो में घटित हुई चोरी की वारदातों के खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थानो में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है ।इसी तारतम्य में थाना रैपुरा के एक प्रकरण में खाद्यान चोरी करने वाले 02 आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर चोरी हुआ 04 क्विंटल चना बरामद किया गया है । मामले में फरियादी जीतेन्द्र सिंह पिता हलके राजा बुंदेला निवासी इमलिया थाना रैपुरा ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि दिनांक 4-5/7/2025 की दरमियानी रात्रि मे अज्ञात चोरों द्वारा 04 क्विंटल 50 किलो चना चोरी कर लिया गया है फरियादी की रिपोर्ट पर *थाना रैपुरा में अपराध क्रमांक 157/25 धारा 331(4), 305 का कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी रैपुरा उप निरी संतोष यादव द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार चोरी गया खाद्यान एवं अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किये गये साथ ही अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । पुलिस द्वारा किए गए सार्थक प्रयासों एवं मुखबिर सूचना के परिणाम स्वरूप पुलिस द्वारा 02 संदेही को चिन्हित किया जाकर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । पुलिस द्वारा संदेहियो से पूछताछ किये जाने पर संदेही व्यक्ति द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी हुआ खाद्यान 04 क्विंटल 50 किलो चना एवं घटना मे प्रयुक्त साइकिल बरामद की जाकर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है ।

गिरफ्तार आरोपी में लखन यादव पिता मुन्नी यादव निवासी सोनमक्ला। सुम्मेर यादव पिता मुन्नी लाल यादव।

सराहनीय योगदान में उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा संतोष यादव एवं उनके स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# उप स्वास्थ्य केंद्र सलेहा में असामाजिक तत्वों ने मचाया उत्पात

## कर्मचारी दहशत में, पुलिस द्वारा नहीं की गई कोई कर्यवाही





**पन्ना।** पन्ना जिले के सलेहा थाना अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बीती 5 -6 जुलाई 2025 की दरयानी लगभग 11.30 बजे चार पहिया वाहन जिसमें लाल पीली नीली बत्ती लगी थी उससे चार अज्ञात लोगों के द्वारा आकर गेट को ढकेलते हुए गाली गलौज एवं धमकी देने के मामले में नर्सिंग ऑफिसर रूपा पटेल के द्वारा पुलिस पर शिकायत को गंभीरता से नहीं लेने सहयोग नहीं करने यहां तक की शिकायती आवेदन की रिसीविंग तक नहीं देने के आरोप लगाए हैं। इसके अलावा यह भी बताया है कि खंड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा भी उनका फोन नहीं उठाया गया व्हाट्सएप पर पत्र भेजने पर उसे भी देखा नहीं गया, इसके बाद उन्होंने सीएमएचओ श्री तिवारी को मामले की जानकारी दी है और इस प्रकार की गतिविधियों पर कार्यवाही नहीं होने पर ड्यूटी में असमर्थता जताई है। रूपा पटेल ने बताया कि वह बाहर से यहां आकर ड्यूटी कर रही हैं रात्रि में इस प्रकार असामाजिक तत्वों द्वारा हरकत किए जाने के बावजूद पुलिस और विभाग के द्वारा सहयोग नहीं किए जाने से वह काम नहीं कर पाएंगी, इसलिए अति शीघ्र आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई एवं सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं अब देखना यह होगा कि आगे पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इस मामले में क्या कार्रवाई की जाती है।

## जंगल में मिला एक शव, हत्या की आशंका

**पन्ना।** जिले के देवेंद्र नगर थाना अंतर्गत विक्रमपुर जंगल सेंचुरी के सामने कारी झोर नाला के पास लगभग सप्ताह भर पुराना अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में हडकंप मच गया है। मृतक के दोनों हाथ पीछे की तरफ बंधे होने एवं गर्दन पेड़ से बंधी होने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष आंकी जा रही है जिसने काले रंग का जींस का पैंट एवं फुल शर्ट पहन रखी है। शव लगभग सप्ताह भर पुराना होने से मृतक की पहचान करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। देवेंद्र नगर थाना पुलिस के द्वारा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से मृतक की पहचान की अपील की गई है इसके अलावा सोशल मीडिया में फोटो शेयर करके भी लोगों से पहचान की अपील की गई है। मृतक को इस प्रकार बेरहमी से दोनों हाथ पीछे की तरफ बांधकर एवं गर्दन पेड़ से बांधकर किसके द्वारा और क्यों मारा गया या फिर कहीं और मारकर यहां फेंका गया इसका खुलासा तो शव की शिनाख्त, पीएम और पुलिस विवेचना के बाद ही हो सकेगा।

# एम्बुलेंस ट्राला से टकराई, गर्भवती जच्चा बच्चा की मौत

**पन्ना।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत ग्राम पिपरवाह के पास स्थित पेट्रोल पंप पर एंबुलेंस द्वारा ट्राला में टक्कर मार दी गई जिसमें गर्भवती महिला तथा उसके बच्चे की मौत हो गई तथा आधा दर्जन महिलाएं बुरी तरह घायल हो गई है जानकारी के अनुसार सिमरिया थाना अंतर्गत ग्राम पड़वार निवासी विनोद प्रजापति अपनी पत्नी प्रियंका प्रजापति जो गर्भवती थी उसे लेकर एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय पन्ना ला रहा था इस दौरान एंबुलेंस द्वारा पिपरवाह के पास जेके सीमेंट कंपनी का ट्राला खड़ा हुआ था उसमें पीछे से टक्कर मार दी टक्कर बहुत भयानक थी जिसमें सभी सवार बुरी तरह घायल हो गए चालक द्वारा दूसरी एंबुलेंस बुलाई गई जिससे घायल जिला चिकित्सालय पन्ना पहुंचे जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों द्वारा देखा गया तथा गर्भवती प्रियंका प्रजापति एवं उसके बच्चे को मृत्यु घोषित कर दिया घायलों में विनोद प्रजापति ममता प्रजापति सोमवती गलाबाई चमेली बाई तथा आशा कार्यकर्ता भी घायल हुई है जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा हैउक्त घटना से पड़वार ग्राम में शोक का माहौल कायम है।

# गांव में घुसा 8 फीट लंबा मगरमच्छ, मचा हड़कंप



**सतना**

एमपी में मैहर जिले के दधीच टोला रामनगर में रात उस समय हडकंप मच गया जब एक भारी-भरकम मगरमच्छ बस्ती के पास पहुंच गया। रात आठ बजे कुत्तों के लगातार भौंकने पर गांववालों ने टार्च से देखा तो एक मकान के पीछे मगरमच्छ नजर आया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। बस्ती में मगरमच्छ होने की जानकारी मिलते ही वन विभाग हरकत में आया।

डीएफओ मयंक चांदीवाल ने तत्काल मुकुंदपुर जू, अमरपाटन और मैहर रेंज की संयुक्त रेस्क्यू टीम मौके पर भेजी। टीम ने रात 9 बजे रेस्क्यू शुरू किया। मगरमच्छ के खुले मैदान में होने से टीम को पकडने में काफी परेशानी हुई। करीब छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रात तीन बजे मगरमच्छ को पिंजरे में कैद किया जा सका। वन अधिकारियों ने बताया कि बाणसागर डैम के पास वाले गावों में बारिश के दौरान अक्सर मगरमच्छ आ जाते हैं। आठ फीट लंबे मगरमच्छ को सुबह बाणसागर में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू दल में रेंजर सतीश चंद्र मिश्रा, रेंजर शुभम खरे, शिवम परौहा, अभिषेक परिहार, अभिषेक विश्वकर्मा, अखिलेश मिश्रा, व्यास पाण्डेय, सुशील पाण्डेय, अरुण सिंह, सीताराम व संजय शामिल थे।

## पवित्र नगर मंच ने किया कलेक्टर का सम्मान

**पन्ना।** जिलेके ऐतिहासिक विश्व विख्यात प्राचीन मंदिर श्री जुगल किशोर जी एवं बलदेव जी के मंदिरों में प्रतिवर्ष जन्माष्टमी तथा हल छठ का त्यौहार स्थानीय स्तर पर धूमधाम से मनाया जाता है लेकिन इसमें राज्य सरकार की ओर से कोई योगदान नहीं दिया जा रहा था जिसको लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा पवित्र नगर मंच का गठन किया गया तथा कई वर्षों से लगातार मांग की गई कि पन्ना जिले के उक्त प्रमुख त्योहारों को राज्य सूची में दर्ज किया जाए पवित्र नगर मंच द्वारा लगातार मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए गए तथा भोपाल में जाकर तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से मुलाकात भी की गई थी इसके पश्चात वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव से ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया गया था जिसे मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पवित्र नगर मंच की उक्त मांग को स्वीकार करते हुए जन्माष्टमी महोत्सव तथा हरछठ महोत्सव को राज्य सूची में शामिल करने के आदेश दिए गए थे जिसको लेकर पवित्र नगर मंच द्वारा कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार शर्मा के सहयोग को भी सराहा गया है एवं उनसे मुलाकात कर उनका सम्मान किया गया इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से मंच के संयोजक कैलाश मोदी वीर भानू धामी दिनेश अग्रवाल जितेंद्र यादव राजेंद्र यादव योगेंद्र शुक्ला डॉक्टर केशव सम्राट मोदी उत्कर्ष गर्ग सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# गौ सेवकों ने सैकड़ो गौवंश को गौशाला से किया आजाद




**पन्ना।** बिन भोजन और पानी के सप्ताह भर से गौशाला में कैद सैकड़ों गोवंश को आज 7 जुलाई 2025 को शाम लगभग 6 बजे गौ सेवकों के द्वारा जय श्रीराम का जयकारा लगाते हुए गौशाला का ताला तोड़कर गोवंश को आजाद करवा दिया गया है। इस दौरान गौशाला संचालक भी उपस्थित रहे जिनके द्वारा बताया गया है की गौशाला में केवल आधा सैकड़ा गौवंश की व्यवस्था है लेकिन नगर पालिका के कुछ अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा पूरे शहर में हांका लगवा कर सैकड़ों गोवंश को गौशाला में भेज दिया गया है जहां न ही उनके बारिश से बचने के लिए कोई व्यवस्था है और ना ही बैठने के लिए सूखी जगह है और ना ही भोजन की व्यवस्था है जिसके कारण बरसात में भीगते हुए गोवंश कीचड़ में खड़ा रहता है और भोजन इत्यादि नहीं मिलने से बीमार होकर बेमौत मर रहा है। आज 7 जुलाई 2025 को शाम लगभग 6 बजे काफी संख्या में नगर के गौसेवकों ने गौशाला पहुंचकर ताला तोड़कर गोवंश को आजाद करवा दिया ताकि वह जंगल में भोजन पानी प्राप्त कर सके गौसेवकों ने बताया कि उनके द्वारा कई बार नगर पालिका और कलेक्ट्रेट के अधिकारियों को आवेदन और ज्ञापन सौंपा गया है लेकिन ना ही गौवंश के भोजन की व्यवस्था की गई और ना ही उनकी सुरक्षा के कोई उपाय किए गए जिससे उन्हें इस प्रकार का कदम उठाना पड़ा।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 09 जुलाई 2025 | 8


वक्फ़ इंतेज़ामिया कमेटी, बड़ी दरगाह रीवा के अध्यक्ष मो.इकबाल (चॉद भाई) जानकारी देते हुए बताया कि मोहर्रम के तीजा का कार्यक्रम बड़ी दरगाह रीवा में बड़े ही धूमधाम के साथ सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक मनाया जायेगा।



## मप्र देश के सबसे तेज गति से विकास करने वाले राज्यों में अग्रणी : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 में प्रदेश में केवल 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज थे। आज यह संख्या बढ़कर 17 हो गई है। इस वर्ष दो और मेडिकल कॉलेज शुरू हो रहे हैं और आगामी वर्ष में छह नए कॉलेजों की शुरुआत प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निजी स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में निवेश को भी प्रोत्साहित कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण उपचार सुलभ हो और इसके लिए हर संभव संसाधन पर कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल होटल जहांनुमा पैलेस भोपाल में एमपी तक के विशेष कार्यक्रम बैठक में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश के




विकास, स्वास्थ्य व्यवस्था के सशक्तीकरण, विंध्य क्षेत्र के विकास और अन्य समसामयिक विषयों पर विस्तार से संवाद किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश देश के सबसे तेज़ गति से विकास करने वाले राज्यों में शुमार है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट, रीजनल कॉन्क्लेव से प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों की संभावनाओं और निवेश के अवसरों को रेखांकित किया जा रहा है। इससे स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यटन, शिक्षा, और अधोसंरचना जैसे क्षेत्रों में पूरे प्रदेश में व्यापक और समग्र विकास हो रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में टेलीमेडिसिन के माध्यम से विशेषज्ञों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को प्रथम रेफरल यूनिट के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को जिला अस्पताल तक बार-बार न जाना पड़े और उन्हें वहीं इलाज मिल जाए। सरकार ने प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक तीनों स्तरों की स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत तकनीकों और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित करने की दिशा में तेज़ी से कार्य किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एयर एम्बुलेंस सेवा का संचालन किया गया है। यह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील पहल है। इसके अलावा उन्होंने अंगदान और देहदान की समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने यह निर्णय लिया है कि अंगदाताओं और देहदाताओं को 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर श्रद्धांजलि दी जाएगी और परिजन को स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर सम्मानित भी किया जाएगा। यह एक मानवीय पहल है जो समाज में सेवा की भावना को बढ़ाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विंध्य क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है। विंध्य क्षेत्र में प्राकृतिक क्षमता और अपार संभावनाएं रही हैं। राजनीतिक इच्छाशक्ति से संसाधनों को सुदृढ़ करने और समुचित उपयोग से क्षेत्र का तेज गति से विकास हुआ है। विंध्य क्षेत्र में चिकित्सा, शिक्षा, पर्यटन, उद्योग और अधोसंरचना सभी क्षेत्रों में सशक्त प्रयास किए गए हैं।

## जनसुनवाई में 136 आवेदकों के आवेदनों में की गई सुनवाई

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा ने आमजनता के 136 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का संवेदनशीलता से निराकरण करके सात दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। आवेदक को भी आवेदन पत्र में की गई कार्यवाही से अवगत कराएं। जनसुनवाई में गोलू बसदेवा निवासी नगर परिषद बैकुंठपुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए भूमि आवंटन का आवेदन दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने नायब तहसीलदार बैकुंठपुर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। शिवम मिश्रा निवासी ग्राम देवरी जिला सतना ने विन्ध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड कंपनी में कार्यरत उनके पिता गोकरण प्रसाद मिश्रा की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति देने तथा अन्य हितलाभ प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिला श्रम पदाधिकारी को आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। मुन्नीलाल यादव निवासी ग्राम दुआरी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए आवेदन दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने तहसीलदार त्योंथर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम पुरैना के 20 से अधिक निवासियों ने नलजल योजना का कार्य पूरा कराकर घरों में नल से पानी की आपूर्ति के लिए आवेदन दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिला प्रबंधक जल निगम को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## रीवा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ का प्रशिक्षण 14 जुलाई से

**रीवा**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार बूथ लेवल आफीसर्स बीएलओ को मतदाता सूची पुनरीक्षण तथा अन्य निर्वाचन गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस संबंध में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र रीवा के बीएलओ का प्रशिक्षण 14 से 16 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। बीएलओ को जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में एसएल मण्डलोई प्राध्यापक, डॉ हुलास पेण्ड्रो सहायक प्राध्यापक तथा डॉ जितेन्द्र कुमार पाण्डेय सहायक प्राध्यापक को तैनात किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बूथ क्रमांक एक से बूथ क्रमांक 100 तक के बीएलओ का प्रशिक्षण 14 जुलाई तथा बूथ क्रमांक 101 से 200 तक का प्रशिक्षण 15 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। बूथ क्रमांक 201 से 244 तक के बीएलओ को 16 जुलाई को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी बीएलओ प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## औद्योगिक क्षेत्र घूमा के संबंध में सुझाव 20 जुलाई तक

**रीवा।** नई औद्योगिक नीति के तहत रीवा जिले में औद्योगिक विकास केन्द्र घूमा का विकास किया जा रहा है। इसमें अधोसंरचना विकास के कार्य पूरे हो गए हैं। नवीन औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए भूखण्डों का आवंटन किया जा रहा है। जिला महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी ने इस संबंध में कहा है कि घूमा औद्योगिक क्षेत्र में नवीन उद्यमों की स्थापना के लिए उद्योग लगाने के इच्छुक व्यक्ति, भूखण्डों की साइज तथा औद्योगिक इकाई के संबंध में अपने सुझाव 20 जुलाई तक दे सकते हैं। सुझाव ईमेल एडीआईआईडी एट द रेट एमपी जीओभी डॉट इन पर दे सकते हैं।

## वृक्षारोपण के महाभियान में हर अधिकारी अनिवार्य रूप से भागीदारी निभाए

### ई ऑफिस में ऑनबोर्ड न होने वाले कार्यालय प्रमुखों की रुकेगी वेतनवृद्धि : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। संभाग के सभी जिलों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक विकासखण्ड में एक लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी अधिकारी वृक्षारोपण के महाभियान में अनिवार्य रूप से भागीदारी निभाएं। सभी शिक्षण



संस्थाओं के परिसर, छात्रावास परिसर, आंगनवाड़ी केन्द्र भवन परिसर तथा कार्यालय परिसरों में उपयुक्त स्थल पर पौधे रोपित करें। जिले के सभी प्रमुख सड़कों के किनारे भी अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण कराएं। सभी नगर निगम तथा नगरीय निकाय पार्कों एवं अन्य उपयुक्त शासकीय भूमियों पर पौधे रोपित करें। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधे रोपित करना हम सबकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि अब पूरा शासकीय कामकाज ई ऑफिस के माध्यम से हो रहा है। सभी अधिकारी फाइलें और जानकारियाँ ई ऑफिस के माध्यम से ही भेजें। अन्य माध्यम से फाइलें स्वीकार नहीं होंगी। ई ऑफिस में सात दिन की समय सीमा में शेष बचे कार्यालय यदि ऑनबोर्ड नहीं होते हैं तो संबंधित कार्यालय प्रमुख की एक वार्षिक वेतनवृद्धि अवरूद्ध करने की कार्यवाही की जाएगी। ई ऑफिस में फाइल दर्ज करने के साथ ही इनका मूवमेंट भी सुनिश्चित करें। संभागीय अधिकारी अपने जिला और अन्य अधीनस्थ कार्यालयों में भी ई ऑफिस की व्यवस्था सात दिवस में अनिवार्य रूप से लागू कर दें। कमिश्नर ने कहा कि संभाग में मछली पालन विभाग द्वारा 68 स्मार्ट फिश पार्लर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। आयुक्त नगर निगम तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने निकाय में कम से कम एक स्मार्ट फिश पार्लर स्थापित कराएं। संयुक्त संचालक कृषि, सहायक संचालक उद्यानिकी तथा संयुक्त संचालक पशुपालन मछली पालन योग्य तालाबों के किसानों की सूची सात दिवस में उप संचालक मछली पालन को उपलब्ध कराएं, जिससे इनमें इस सीजन में मछली पालन किया जा सके।

कमिश्नर ने कहा कि इस वर्ष लगातार अच्छी वर्षा हो रही है। संभाग के जिन क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका है वहाँ राहत और बचाव के पूरे प्रबंध कर लें।

## कमिश्नर ने आम जनता के आवेदनों में की जनसुनवाई

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कमिश्नर ने अधिकारियों को जनसुनवाई के आवेदन पत्रों में सात दिवस में कार्यवाही करके निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सरपंच ग्राम पंचायत मोहरवा द्वारा स्कूल की जमीन से अतिक्रमण हटाने तथा इसमें प्रस्तावित मंदिर निर्माण रूकवाने के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने एसडीएम को मौके पर जाँच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। आवेदिका सीताबाई



नगर परिषद गोविंदगढ़ ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संतलाल साहू ने उनके नाती के कक्षा नवीं में शाला में प्रवेश के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक शिक्षा को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में श्री राघव प्रसाद, श्रीमती चन्द्रकली, दिनेश मिश्र, अखिलेश पटेल, दीपक कुमार सहित विभिन्न आवेदकों के आवेदनों में सुनवाई की गई। कमिश्नर ने ग्राम रौरा में शासकीय भूमि से बेदखल किए गए परिवारों के आवेदन पर संयुक्त कलेक्टर को जाँच कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए।

## कृषि विकास संबंधी कार्यशाला 17 जुलाई को

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन मण्डी बोर्ड द्वारा कृषि अवसंरचना निधि की निगरानी के लिए प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इस समिति में कृषि, सहकारिता, उद्यानिकी, पशुपालन, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम, मध्यप्रदेश आजीविका मिशन, मछली पालन विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है। इनकी संभागीय प्रशिक्षण कार्यशाला 17 जुलाई को आयोजित की जा रही है। इसमें संभाग के सभी जिलों के संबंधित विभागों के लगभग दो सौ अधिकारी शामिल होंगे। कमिश्नर बीएस जामोद ने कृषि अवसरंचना निधि से जुड़े विभागों के अधिकारियों को कार्यशाला में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों को नीट, क्लैट और जेईई की कोचिंग का अवसर

## आकांक्षा योजना से अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों को मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग

**रीवा।** अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति के मध्यप्रदेश के मूल निवासी विद्यार्थियों को नीट, क्लैट और जेईई प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। आकांक्षा योजना के तहत कक्षा 10वीं 60 प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्ण कर कक्षा 11वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को यह सुविधा दी जा रही है। इसके लिए 9 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी पात्र अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को आकांक्षा योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि आकांक्षा योजना के तहत जेईई की कोचिंग के लिए भोपाल में दो सौ सीट उपलब्ध हैं। नीट की कोचिंग के लिए इंदौर में दो सौ सीटें उपलब्ध हैं तथा क्लैट की कोचिंग के लिए जबलपुर में दो सौ सीटें उपलब्ध हैं। अनुसूचित जनजाति के चुने हुए विद्यार्थियों को कोचिंग की निःशुल्क सुविधा के साथ आवास, पुस्तकें, स्टेशनरी, टैबलेट तथा इंटरनेट डेटा प्लान की भी निःशुल्क सुविधा दी जाएगी।

## कलेक्टर ने साक्षरता प्रभारी बनाने के दिए निर्देश


**रीवा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के तहत जिले के 15 वर्ष से अधिक आयु के निरक्षर व्यक्तियों को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षर बनाया जा रहा है। इसके लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में कक्षाएं संचालित की जाती हैं। नव साक्षरों के मूल्यांकन के लिए मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने महाविद्यालय, शिक्षा महाविद्यालय, डाइट तथा सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल के प्राचार्यों को उनकी संस्था के एक शिक्षक को साक्षरता प्रभारी बनाने के निर्देश दिए हैं।

## कूलर, गमले, पुराने टायर में पानी जमा होने पर पनपते हैं डेंगू के मच्छर

**रीवा।** वर्षाकाल में दूषित पानी, दूषित भोजन से उल्टी दस्त का प्रकोप होता है। वर्षाकाल में घरों के आसपास जमा पानी, अनुपयोगी बर्तनों, टायरों आदि में जमा पानी में मच्छर पनपते हैं। इस संबंध में जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव ने कहा है कि इस माह को डेंगू जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। घर के आसपास साफ-सफाई रखकर मच्छरजनित रोगों से बचाव करें। घरों में गमले, पुराने टायरों, कूलर आदि में पानी जमा न होने दें। पानी एकत्रित करने वाले बर्तनों को तीन-चार दिन के अंतराल से साफ करते रहें। कूलर, फ्रिज की आईस ट्रे एवं पानी जमा होने के अन्य संभावित स्थलों की नियमित साफ-सफाई करें। इनसे मच्छरों को पनपने का अवसर नहीं मिलेगा और डेंगू तथा मलेरिया का खतरा कम होगा। जिला मलेरिया अधिकारी ने कहा कि डेंगू मच्छर जनित बीमारी है। डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते हैं। घरों के आसपास कूलर, पुराने टायर, टूटे बर्तनों आदि में पानी जमा न होने दें। इस संबंध में लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। रीवा शहर, गंगेव, सिरमौर, मऊगंज, गोविंदगढ़, त्योंथर, रायपुर कर्चुलियान में डेंगू के मरीज मिले हैं। यदि किसी घर में मच्छर काटने से मलेरिया का प्रकोप होता है तो उसका दूसरे स्थान पर संक्रमण नहीं होता है। लेकिन डेंगू पैदा करने वाले मच्छर एक व्यक्ति को काटने के बाद पूरे क्षेत्र में तेजी से प्रजनन करता है जिससे कई व्यक्तियों को डेंगू होने का खतरा होता है।

## लापरवाह उपयंत्री की संविदा सेवा समाप्ति के आदेश

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनपद पंचायत सिरमौर के उपयंत्री जयशंकर पटेल की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के आदेश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिरमौर के प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 तथा 1966 के तहत की गई है। जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति अत्यंत कम होने तथा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की निगरानी में लापरवाही बरतने पर श्री पटेल को कारण बताओ नोटिस दिया गया था। श्री पटेल द्वारा नोटिस का कोई उत्तर नहीं दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा श्री पटेल को समक्ष में भी सुनवाई का अवसर दिया गया, जिसमें श्री पटेल उपस्थित नहीं हुए। इसे स्वेच्छाचारिता और कर्तव्यों के प्रति गंभीर लापरवाही मानते हुए संविदा सेवा समाप्ति की कार्यवाही की गई है।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833